

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | रविवार, 16 जून 2024 | वर्षः 01, अंकः 91, पृष्ठः 8, मूल्यः 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


## 26 यात्रियों को लेकर जा रहा टेंपो ट्रैवलर अलकनंदा में गिरा

### 12 की मौत, 14 घायल

एजेंसी

**रुद्रप्रयाग** । उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले से बड़े हादसे की खबर सामने आई है। यहां एक टेंपो ट्रैवलर अलकनंदा नदी में जा गिरा। हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई है। सात गंभीर घायलों को पांच हेलिकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर ऋषिकेश एम्स लाया गया है। जबकि सात अस्पताल में भर्ती है। बताया जा रहा है कि दिल्ली नोएडा से निकले टेंपो ट्रैवलर में 26 यात्री सवार थे। जानकारी के अनुसार रुद्रप्रयाग शहर से पांच किलोमीटर आगे बदरीनाथ



हाईवे पर रैतोली के पास एक टेंपो ट्रैवलर अलकनंदा नदी में गिर गया। सूचना पर पुलिस प्रशासन जिला आपदा प्रबंधन, डीडीआरएफ समेत अन्य टीम मौके पर रेस्क्यू कार्य कर रही है। बताया जा रहा है कि यहां रेलवे लाइन पर काम कर रहे तीन लोग बचाने के लिए कूदे, जिनमें से एक की मौत हो गई। **सीएम धामी ने हादसे पर जताया दुख**

हादसे के खबर पर दुख जताते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि टेंपो ट्रैवलर के दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत पीड़ादायक समाचार प्राप्त हुआ। स्थानीय प्रशासन व एसडीआरएफ की टीमें राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी हुई है। घायलों को नज़दीकी चिकित्सा केंद्र पर उपचार के लिए भेज दिया गया है। ज़िलाधिकारी को घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं।

ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगतों की आत्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोक संतप्त परिजनों को यह असीम कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करें। बाबा केदार से घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

## छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में आठ नक्सली ढेर

### एक जवान शहीद और दो घायल

एजेंसी

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र राज्य की सीमा पर नारायणपुर के अबूझमाड़ के कुतुल इलाके में शनिवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच फिर से मुठभेड़ शुरू हुई। पिछले दो दिनों से पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गये है और एक जवान शहीद और दो जवसन घायल हो गये हैं।

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक पी सुंदरराज ने बताया कि बुधवार को नक्सली विरोधी संयुक्त अभियान में नारायणपुर, बस्तर, कोण्डागांव, कांकेर, दंतेवाड़ा जिला में रिजर्व पुलिस फोर्स, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल और तिब्बत सीमा सुरक्षा बल के जवान शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गये नक्सलियों की संख्या बढ़





सकती है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुतुल, फरसबेड़ा, कोड़तामेटा इलाके में भारी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। मुखबिर की इसी सूचना के बाद बस्तर संभाग के जगदलपुर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव और कांकेर से करीब 1400 जवानों को अभियान में शामिल किया गया है। पुलिस और जवानों की संयुक्त टीम ने नक्सलियों के ठिकाने को घेर रखा है। एक दिन पहले भी जवानों की इस संयुक्त टीम के साथ दिनभर रुक-रुककर गोलीबारी होती रही थी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जब जवान लौटेंगे उसके बाद ही विस्तृत जानकारी मिल पाएगी।

## भाजपा की चार सदस्यीय समिति करेगी बंगाल का दौरा, हिंसा पर पार्टी अध्यक्ष को सौंपेगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल में हुई राजनीतिक हिंसा पर चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस समिति का संयोजक सांसद बिप्लब कुमार देब को बनाया गया है। इस समिति में सांसद रविशंकर प्रसाद, सांसद बृजलाल, सांसद कविता पाटीदार शामिल हैं। शनिवार को भाजपा की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पश्चिम बंगाल का दौरा कर स्थिति का तत्काल जायजा लेने और वहां की स्थिति की रिपोर्ट पार्टी अध्यक्ष को देने के लिए एक समिति का गठन किया है।भाजपा का आरोप है कि बाकी राज्यों से उलट पश्चिम बंगाल चुनाव के बाद भी हिंसा की चपेट में बना हुआ है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मूकदर्शक बनी हुई हैं, जबकि उनकी पार्टी के अपराधी बेखौफ होकर विपक्ष के कार्यकर्ताओं और मतदाताओं पर हमला करते हैं और उन्हें डराते-धमकाते हैं।

## मुख्यमंत्री की पत्नी सुनीता केजरीवाल को झटका, कोर्ट ने भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल को कोर्ट से झटका लगा है। निचली अदालत की कार्यवाही सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के मामले में दिल्ली के सीएम की पत्नी सुनीता केजरीवाल और अन्य को हाईकोर्ट ने नोटिस भेजा है। हाई कोर्ट ने सीएम का वो वीडियो हटाने के लिए कहा है जिसमें केजरीवाल कोर्ट में अपना पक्ष रखते दिख रहे हैं। दरअसल, वीडियो तब का है जब केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया था और केजरीवाल ने कोर्ट के सामने अपना पक्ष रखा था। उच्च न्यायालय ने मामले में सुनीता केजरीवाल और पांच अन्य व्यक्तिगत उत्तरदाताओं को पोस्ट हटाने का निर्देश दिया और सोशल मीडिया कंपनियों को उस दिन रिकॉर्ड किए गए वीडियो के संबंध में किसी भी अन्य पोस्ट या रीपोस्ट को हटाने का भी निर्देश दिया है।

## त्रिपुरा में कम से कम 50,000 यूनिट रक्त के संग्रहण का लक्ष्य : साहा

एजेंसी

**अगरतला** । त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ माणिक साहा ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार ने रक्त बैंकों में कम से कम 50,000 यूनिट रक्त का स्टॉक रखने का लक्ष्य रखा है। यहां एक कार्यक्रम में राज्य की पहली रक्त संग्रह एवं परिवहन वैन को हरी झंडी दिखाने के बाद डॉ साहा ने कहा , ÷वर्तमान में रक्तदाताओं से लगभग 40,000 यूनिट रक्त संग्रह किया जा रहा है, लेकिन सामाजिक संगठनों, क्लबों और कॉलेजों के माध्यम से संग्रह को बढ़ाने के लिए कदम उठाये गये हैं। हमारा लक्ष्य रक्त बैंकों में 80,000 यूनिट रक्त का स्टॉक रखना है। बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अब दूर-दराज के स्थानों से रक्त एकत्र करने और परिवहन के लिए बुनियादी ढांचा तैयार किया गया है।

उन्होंने लोगों से स्वैच्छिक रक्तदान गतिविधियों में भाग लेने का आग्रह करते हुए कहा , शल्य चिकित्सा प्रक्रिया शुरू करने से पहले एक सर्जन कम से कम दो यूनिट रक्त स्टॉक में रखता है। हमारे पास 14 रक्त बैंक हैं, जिनमें से 12 सरकारी हैं और दो निजी हैं। अब राज्य में हम रक्त घटकों को भी अलग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि धलाई जिले में पहली रक्त संग्रह



और परिवहन वैन तैनात की गयी है जिसमें कम से कम दो लोग एक साथ रक्तदान कर सकते हैं और आने वाले दिनों में ऐसे और वाहन उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा, रक्तदान करना किसी के स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद हो सकता है।

## सरिस्का को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने के प्रयास : भूपेंद्र यादव

एजेंसी

**अलवर।** केंद्रीय वन पर्यावरण एवं जलवायु मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को कहा कि अलवर के सरिस्का को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक और पर्यटन के रूप में विकसित करने के प्रयास किए जाएंगे। श्री यादव ने आज यहां सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता में कहा , 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत की है। अभियान के तहत एक पेड़ जरुर लगाए। अगर पांच साल तक उसे पेड़ को संभाल कर रखें तो निश्चित रूप से विकसित होगा और मां की याद भी स्थाई रूप से रहेगी।÷

उन्होंने कहा कि यहां अधिकारियों की बैठक में पेयजल संकट को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अलवर में 6 करोड़ 30 लाख



लीटर पानी की आवश्यकता है जबकि 03 करोड़ लीटर पानी आपूर्ति हो रही है। अलवर में 340 नलकूप है जिनमें 140 टंकी के माध्यम से पानी सप्लाई हो रहा है जबकि दो 200 डायरेक्ट नलकूप हैं जहां पानी आपूर्ति हो रही है। अलवर में 59 जोन हैं जिनमें अलग-अलग लेवल पर पानी सप्लाई हो रहा है और यहां पानी की समस्या का समाधान करने के लिए अधिकारियों को विस्तृत निर्देश दिए गए हैं कि पानी की समस्या का समाधान किया जाए।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों से वार्ता कर कर भू गर्भ के पानी की स्थिति जानने के प्रयास किए गए हैं। यहां वाटर रिचार्ज और नलकूप की संख्या बढ़ाने पड़ेंगे। गर्मी के अवसर पर पानी को लेकर बैठक में 40 मसले सामने आये हैं जिसमें तीन प्रमुख रूप से हैं कि पानी की आपूर्ति किस तरीके से की जाए।

सरिस्का अभ्यारण क्षेत्र के आसपास अतिक्रमण और होटल के निर्माण को लेकर श्री यादव ने कहा कि एनटीसीए की गाइडलाइन के अनुसार सारा काम किया जाएगा। इको सेंसेटिव जोन का खाका तैयार किया जा रहा है और जल्दी इसको फाइनल किया जाएगा। उन्होंने साफ कहा कि अतिक्रमण किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जाएगा। भले ही वह नेताओं का हो या अधिकारियों का। उन्होंने कहा कि जब वह पिछली बार केंद्रीय मंत्री थे तो राजस्थान की कांग्रेस सरकार को सरिस्का को लेकर कई बार पत्र लिखे लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की।


सत्यम् शिवम् शुभम् ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स

College Code : 01083

टिकरी, कौड़िहार, प्रयागराज

B.A. हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, प्रा0 इतिहास, गृह विज्ञान, दर्शन शास्त्र राजनीति विज्ञान, उर्दू, भूगोल, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र




M.A. हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान, प्रा0 इतिहास

B.Sc. Agriculture B.Com/M.Com

B.Sc./M.Sc./D.El.Ed. (BTC) B.Pharma/D.Pharma

LL.B. B.A. L.L.B (प्रस्तावित) I.T.I. (इलेक्ट्रीशियन, फिटर, कोपा)



संजय शुक्ल

प्रबंधक

छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध

Mob. 9451181332, 9956930129

# बदहाल कक्षाएं बनीं स्मार्ट, आइसीटी लैब से सुसज्जित

## नगर क्षेत्र के 48 स्कूलों को निजी स्कूलों के साथ कदमताल कराने की तैयारी। विधालयों के मार्डनाइजेशन पर खर्च हुए 1856.08 लाख रुपये । कायाकल्प के सभी मानकों पर संतृप्त किया जा रहा है विद्यालयों को : बीएसए

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज** : शहर के निजी स्कूलों से कदमताल करने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग प्रयागराज के परिषदीय स्कूलों को संवार रहा है। कक्षाएं स्मार्ट बनाने के साथ उन्हें मार्डन सुविधाओं से युक्त करने की कवायद चल रही है, जिससे परिषदीय स्कूलों के बच्चों में अपने विद्यालय के प्रति हीनभावना न रहे। इसके तहत नगर क्षेत्र के 48 स्कूलों की सूरत बदल रही है। ग्रीष्मावकाश के बाद विद्यालय खुलने पर ढेरों बदलाव दिखेंगे। बच्चों को स्मार्ट क्लास, आइसीटी लैब, विज्ञान लैब की सुविधा मिलेगी। बैठने के लिए फर्नीचर, पीने का साफ पानी, शौचालय की उत्कृष्ट सुविधा होगी। विद्यार्थियों को स्तरीय शिक्षा दिलाने के लिए निपुण भारत मिशन के तहत योजनाबद्ध तरीके से गतिविधि आधारित शिक्षण दी जाएगी।

नगर क्षेत्र के स्कूलों को पीडब्ल्यूडी विभाग ने संवारने का जिम्मा लिया है। इनमें बालक और बालिकाओं के लिए शौचालय, उनमें पानी की व्यवस्था, शौचालय का टायलीकरण, दिव्यांग सुलभ शौचालय, मल्टिपल हैंडवाश, कक्ष का टायलीकरण, श्यामपट, रसोई, स्कूल भवन की रंगाई पोताई, रैंप व रेलिंग, फर्नीचर व डेस्क बेंच, सबमर्सिबल, चहारदीवारी के साथ आवश्यकता के अनुसार पुराने भवन को ढहाकर नए भवन का निर्माण कराया गया है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक स्कूल में बच्चों के लिए पुस्तकालय, संस्कृत कोना का निर्माण कराया जाएगा।




प्रयागराज के बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि स्कूलों को संवारने में कुल 1856.08 लाख रुपये खर्च हुए हैं। उन्होंने बताया कि नए भवन बनने के साथ कुछ का मरम्मतीकरण कराया गया। विद्यालय खुलने पर बच्चों को अच्छा वातावरण मिले, शिक्षक अध्यापन में रुचि लें इसके लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि जिन स्कूलों का मार्डनाइजेशन किया गया है उनमें उच्च प्राथमिक विद्यालय नया कटरा, उच्च प्राथमिक विद्यालय नीवां, प्राथमिक विद्यालय नींवा, प्राथमिक विद्यालय पीएससी धूमनगंज, उच्च प्राथमिक विद्यालय पुराना कटरा प्रथम, प्राथमिक विद्यालय मधवापुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय हरवारा द्वितीय, प्राथमिक विद्यालय सदियाबाद, प्राथमिक विद्यालय बेनीगंज, प्राथमिक विद्यालय तेलियरगंज, प्राथमिक विद्यालय पुरा फतेहमोहम्मद, प्रथमिक विद्यालय आदर्श शिवकुटी, प्राथमिक विद्यालय महेवा द्वितीय, प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइंस, उप्रवि क्रमोत्तर मीरापुर, उप्रवि शाहगंज, प्रावि नीवां द्वितीय, प्रावि चकनिरातुल द्वितीय, उप्रावि क्रमोत्तर बम्हरौली, उप्रावि पुराना कटरा द्वितीय, उप्रावि फाफामऊ बाजार, प्रावि रसूलाबाद, प्रावि आंबेडकर नगर खरकौनी, उप्रावि क्रमोत्तर राजापुर, प्रावि पुराफतेह मोहम्मद, उप्रावि क्रमोत्तर बम्हरौली, प्रावि नीवा द्वितीय, प्रावि रसूलाबाद, उप्रावि फाफामऊ बाजार प्रथम, उप्रावि पुराना कटरा प्रथम, प्रावि चकनिरातुल द्वितीय, प्रावि बेनीगंज, उप्रावि क्रमोत्तर राजापुर, उप्रावि पुराना कटरा द्वितीय, प्रावि आदर्श शिवकुटी, प्रावि महेवा, प्रावि सदियाबाद, उप्रावि क्रमोत्तर मीरापुर, प्रावि मधवापुर, प्रावि नीवां प्रथम, उप्रावि नींवा प्रथम, प्रावि अम्बेडकर नगर खरकौनी, उप्रावि शाहगंज, प्रावि पुलिस लाइंस, प्रावि तेलियरगंज, प्रावि पीएसी धूमनगंज, उप्रावि हरवारा द्वितीय, उप्रावि नया कटरा प्रथम है।

## युवक गिरफ्तार 5 अवैध देशी बम बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**




**प्रयागराज**। हंडिया कोतवाली पुलिस अपराधियों के खिलाफ चेकिंग के दौरान एक युवक को पांच बम के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक हंडिया बृज किशोर गौतम ने बताया कि वांछित अपराधियों की तलाश में चेकिंग किया जा रहा था इसी बीच मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त भोलानाथ पाण्डेय पुत्र स्व0 संगमलाल पाण्डेय निवासी ग्राम ढ़ेडा वार्ड नं0-02 कस्बा हण्डिया थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम ढ़ेडा के पास से 05 अवैध देशी बम के साथ गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम

प्र0नि0 बृजकिशोर गौतम, थाना हण्डिया. उ0नि0 सुमित आनंद. हे0का0 बनबीर सिंह, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## स्कार्पियो से 32 पेटी शराब बरामद, एक शराब तस्कर को गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**



**कुशीनगर**। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में जनपद कुशीनगर में अवैध शराब की बिक्री/परिवहन/निष्कर्षण के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थाना तरया सुजान पुलिस द्वारा एक अदद लग्जरी वाहन से तस्करी कर ले जायी जा रही कुल 32 पेटी देशी व अंग्रेजी शराब (वाहन सहित कुल कीमत 15 लाख रुपये) के साथ एक शराब तस्कर अजय कुमार पुत्र वल्देव शाह सा0 औराई थाना औराई जिला मुजफ्फरनगर ( बिहार) को गिरफ्तार किया गया।

## 25 ग्राम अवैध स्मैक बरामद, महिला गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**




**प्रयागराज**। एसीपी वरुण कुमार के निर्देश पर धूमनगंज पुलिस स्मैक बेचने वाली एक महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना धूमनगंज पुलिस द्वारा शनिवार को मुखबिर खास की सूचना पर स्मैक तस्कर 01 अभियुक्ता मुन्नी देवी उर्फ तिल्लाइन पत्नी स्व0 रवि कुमार उर्फ लिल्ला पासी नि0 80अ/81 खारिया नेहरू पार्क थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज को पूर्वांचल गेट के पास सैनिक कालोनी के पास थाना क्षेत्र धूमनगंज से गिरफ्तार कर कब्जे से 25 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया गया।

## धूमनगंज पुलिस द्वारा अभियुक्त गिरफ्तार, 5 बम बरामद

**प्रयागराज**। थाना धूमनगंज पुलिस द्वारा शनिवार को मुखबिर खास की सूचना पर एक अभियुक्त छोटू भारतीया पुत्र स्व0 लालमणि भारतीया निवासी 18/12ए/6 रम्मन का पूरा थाना धूमनगंज प्रयागराज को नेहरू पार्क गेट के पास थाना क्षेत्र धूमनगंज से गिरफ्तार कर कब्जे से 05 अवैध देशी बम बरामद किये गये।

# त्यौहार पर अराजकता फैलाने वाले अपराधियों पर रखें पैनी नजर- एसपी

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी**। पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय परिसर स्थित दुर्गा भाभी सभागार में अपराध गोष्ठी की गयी। आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत शान्ति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत सम्मन, वारण्ट, विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण व अन्य प्रपत्रों को समयबद्ध तामिला, कऱ्फर व




जनशिकायतों का गुणवत्तापरक समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए। थानों में लंबित कऱ्फर व शिकायती प्रार्थनापत्रों की समीक्षा, डीजी परिपत्रों के अनुपालन की समीक्षा, हिस्ट्रीशीटर अपराधियों के संबंध में समीक्षा एवं आगामी त्यौहार, गंगा दशहरा व बकरीद के संबंध में समीक्षा की गई। साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत सम्भ्रांत व्यक्तियों/धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की मीटिंग करने हेतु बताया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार वर्मा, जिला जेल अधीक्षक, समस्त सीओ अवधेश कुमार विश्वकर्मा, सीओ अभिषेक सिंह, सीओ सत्येंद्र प्रसाद तिवारी, समस्त थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, थानाध्यक्ष चंद्र भूषण मौर्य, थानाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

## डीएम ने योग सप्ताह कार्यक्रम का द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारम्भ



**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी** । डीएम राजेश कुमार राय ने कलेक्ट्रेट स्थित बौद्ध वाटिका में आयोजित योग सप्ताह कार्यक्रम का द्वीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया।

डीएम ने कहा कि हर वर्ष की भॉति इस वर्ष भी 21 जून 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेंगा। शासन के निर्देशानुसार 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं, ताकि योग के प्रति आमजन को जागरूक किया जा सकें। योग स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक हैं तथा योग से व्यक्ति तनावमुक्त भी रहता हैं। हम सभी को योग अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड व प्रबुद्ध सिंह, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 अक्षय लाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार सहित कलेक्ट्रेट एवं विकास भवन के अधिकारियों/कर्मचारियों तथा पतंजलि योग समिति के पदाधिकारी व सदस्य- संतोष कुमार, सुशील कुमार, राजीव सोमवंशी, गुलाब सिंह व भइया लाल एवं आमजन ने कार्यक्रम में प्रतिभाग कर योगाभ्यास किया।

जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान न्यास श्री हर्ष ने कहा कि योग से तन और मन का सर्वांगीण विकास होता है। भारत ने पूरे दुनियॉ को योग के क्षेत्र में जागरूक किया हैं, इसमें सभी देश बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहें हैं। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए सभी से आवाह्न किया। उन्होंने जिलाधिकारी को योग दर्शन पुस्तिका भी भेंट किया।

## भारत निर्वाचन आयोग ने की एसपी रायबरेली अभिषेक की सराहना

**सबसे तेज प्रयागराज**



**रायबरेली**। रायगढ़ नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता बाबूलाल अग्रवाल के यशस्वी सुपुत्र अभिषेक अग्रवाल इन दिनों उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले में पुलिस अधीक्षक के महत्वपूर्ण पद पर पदस्थ हैं।

हाल ही में सम्पन्न हुए लोकसभा निर्वाचन 2024 में, रायबरेली, देश के सर्वाधिक चर्चित और ध्यानाकर्षित करने वाले निर्वाचन क्षेत्रों में से एक रहा है।

इस महत्वपूर्ण निर्वाचन क्षेत्र में, शांतिपूर्ण,स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन सुसम्पन्न कराने में, अभिषेक अग्रवाल के योगदान की सराहना, भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने, उन्हें पत्र भेज कर की है।

ज्ञातव्य है कि उत्तर प्रदेश की पुलिस सेवा में कार्यरत होने के बाद से ही, अपने उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए अभिषेक अग्रवाल निरंतर पुरस्कृत एवं प्रशंसित होते रहे हैं।

आशा और विश्वास है कि वे इसी तरह,भविष्य में भी, देश के सबसे बड़े प्रदेश- उत्तर प्रदेश में, हमारे छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाते रहेंगे।

# कुलपति ने दिखाई हरी झंडी, दूसरे चरण की परीक्षा सामग्री रवाना

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज**। उ. प्र. राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की सत्र जून 2024 की परीक्षाएं प्रदेश के 166 केंद्रों पर विगत 11 जून 2024 से प्रारंभ होकर शांतिपूर्ण ढंग से संचालित की जा रही है। इन परीक्षा केंद्रों में 4 केंद्रीय कारागार भी शामिल हैं । परीक्षा में लगभग 80 हजार परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हैं। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने अगले चरण की परीक्षा हेतु शनिवार को उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सामग्री



लेकर जा रही गाड़ियों को ऑनलाइन हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में परीक्षा को पारदर्शिता पूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न कराने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। विश्वविद्यालय की स्नातक,परास्नातक तथा शेष परीक्षाएं 18 जून से 16 जुलाई तक 2 पालियों में प्रातः 10:00 से 1:00 तथा दोपहर 2:00 से 5:00 बजे तक आयोजित की जाएंगी। भीषण गर्मी एवं लू के प्रकोप को देखते हुए कुलपति के निदेर्शों परीक्षा केदो पर पर्याप्त शीतल जल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डी पी सिंह के निर्देशन में परीक्षा विभाग में हेल्पलाइन देश के माध्यम से परीक्षार्थियों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

## रामनगर पुलिस ने दो चोरों को किया गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी**। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर रामनगर पुलिस चोरी की अपराधियों की तलाश में मुखबिर की सूचना पर चोरी के दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा शनिवार को क्षेत्र की जनता के सहयोग से अभियुक्त मो0 इस्माइल पुत्र लाल खाँ . शहीद पुत्र मजीत निवासगण ग्राम सैदनपुर थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया।

## जैदपुर पुलिस ने 4 जुआरियों को किया गिरफ्तार

सबसे तेज प्रयागराज

बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर जैदपुर पुलिस ने हार जीत की बाजी लगा रहे चार लोगों को गिरफ्तार कर नगदी तास के पत्ते बरामद किया। थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा शनिवार को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 4 अभियुक्तगण मो0 सुफियान पुत्र मो0 शरीफ . मो0 अकरम पुत्र मो0 असलम निवासीगण मो0 चौहट्टा कस्बा व थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी . मो0 अबसार पुत्र मो0 सलमान . मो0 नेहाल पुत्र फारूख निवासीगण मो0 छोटी बाजार कस्बा व थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से ताश के 52 पत्ते व मालफड़/जामातलाशी के कुल 4,100/- रुपए बरामद कर लिखा पढ़ी किया।

# मुक्त विश्वविद्यालय ने आर ए एफ जवानों को दिलाई योग की शपथ

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज**। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के परिपेक्ष्य में गिनीज वर्ल्ड बुक में रिकॉर्ड बनाने जाने हेतु ऑनलाइन शपथ दिलाए जाने के क्रम में प्रयागराज के फाफामऊ स्थित आर ए एफ की 101 बटालियन के परिसर में इसका आयोजन किया गया। जिसमें आर ए एफ की ओर से डिप्टी कमांडेंट श्री रामचंद्र राम ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल विनय कुमार और विश्व योग दिवस 2024 के संयोजक डॉ देवेश रंजन त्रिपाठी का स्वागत करते हुए आर ए एफ परिसर के सभी सदस्यों को मुक्त विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों से परिचित कराया गया।

इसी क्रम में मुक्त विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने सभी जवानों को योग का महत्व समझाते हुए वर्तमान में आयोजित हो रहे ऑनलाइन योग शपथ महा अभियान के संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा योग ही एक ऐसा माध्यम है जिससे जीवन में शांति लाई जा सकती है।

योग समन्वयक डॉ देवेश रंजन ने उपस्थित सभी प्लाटून कमांडर को विश्वविद्यालय के विभिन्न



कार्यक्रमों की उपयोगिता समझाते हुए ऑनलाइन योग शपथ लिए जाने के विभिन्न चरण समझाए। तत्पश्चात सभी ने सामूहिक ऑनलाइन शपथ ली । सभी प्लाटून कमांडर ने कुलाधिपति एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे इस महा अभियान को अपने प्रत्येक जवान तथा पारिवारिक सदस्यों तक पहुंचाने और शपथ दिलाए जाने का संकल्प लिया। अंत में डिप्टी कमांडेंट ने अपने कमांडेंट श्री मनोज एवं कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। डिप्टी कमांडेंट श्री राम ने यह आश्वस्त किया कि भविष्य में भी मुक्त विश्वविद्यालय एवं आर ए एफ संयुक्त रूप से इसी प्रकार से जनोपयोगी कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे।

इसके साथ ही राजभवन, लखनऊ ने विश्व योग दिवस-2024 के अवसर पर विश्व में सर्वाधिक योग संबंधी शपथ का रिकॉर्ड बनाने के निर्देश मिलने के बाद प्रदेश का एकमात्र मुक्त विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरन्तर शपथ ग्रहण अभियान चला रहा है। नवनियुक्त माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम की अभिप्रेरणा से दिनांक 15 जून, 2024 को विश्वविद्यालय परिसर में शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने योग शपथ अभियान में बढ़चढ कर भागीदारी की। इसके साथ ही विश्विवद्यालय कैम्पस के समीप प्रतिष्ठानों में भी योग शपथ अभियान में विश्वविद्यालय का

# ससुर खदेरी नदी की खुदाई/ जीर्णोद्धार कार्य का सीडीओ ने किया भौतिक निरीक्षण

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी** । मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा आज ग्राम पंचायत-रामपुर सुहेला में मनरेगा योजनान्तर्गत चल रहें कार्य-बनवारी के खेत से राम सुमेर के खेत तक ससुर खदेरी नदी की खुदाई/जीर्णोद्धार कार्य का भौतिक निरीक्षण किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी के निरीक्षण के दौरान मौके पर 90 श्रमिक कार्य करते हुए पाये गए। खण्ड विकास अधिकारी, सिराथू भावेश शुक्ला ने मुख्य विकास अधिकारी को विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कार्य को 750 मीटर लम्बाई में कराया जायेंगा, वर्तमान में कुल 150 मीटर तक कार्य कराया जा चुका हैं एवं शेष कार्य जारी है। कार्य की कुल प्राक्कलित लागत 8.13 लाख है, जिसमें 3317 मानव दिवस सृजित करने का प्रावधान हैं। नदी पुनरुद्धार में औसतन 10 मीटर चौड़ाई और ढलान के अनुसार औसतन 1.6 मीटर गहराई तक खुदाई करायी जा रहीं है और 1.20 मीटर का दोनों तरफ बंधा तैयार किया जा रहा है, जिसके उपरान्त नदी में जल धारण क्षमता और वर्ष भर पानी की उपलब्धता बनाये रखने में मदद मिलेगी। जंगली जानवरों, पशु पक्षियों एवं किसानो को सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता बनी रहेंगी। नदी पुरुद्धार से जहाँ एक ओर मानव दिवस सृजन कर अकुशल श्रमिकों



को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है, वही दूसरी ओर जल संरक्षण तथा विलुप्त प्राय नदी को पुनर्जीवित भी किया जा रहा हैं।

निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी राजमणि भारतीया, ग्राम प्रधान बड़ेलाल, ग्राम रोजगार सेवक शिवबाबू एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

इसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत-नॉदिमई में भी मनरेगा योजनान्तर्गत चल रहें ससुरे खदेरी नदी की खुदाई/जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी के निरीक्षण के दौरान मौके पर लगभग 40 मनरेगा श्रमिक कार्य करते हुए पाये गये।

खण्ड विकास अधिकारी दिनेश चन्द्र ने बताया कि अब तक 1200 मीटर तक का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। नदी पुनरुद्धार में औसतन 10 मीटर चौड़ाई और ढलान के अनुसार औसतन 1.6 मीटर गहराई तक खुदाई करायी जा रही है और 1.20 मीटर का दोनों तरफ बंधा तैयार किया जा रहा है।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि कार्य में तेजी लाते हुए समय से कार्य गुणवत्तापूर्ण नियमानुसार कराया जाय। इसके साथ ही उन्होंने उपायुक्त(श्रम-रोजगार) मनोज कुमार वर्मा को निरन्तर अनुश्रवण करने के भी निर्देश दियें। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी(मनरेगा) जयचन्द्र पाण्डेय, ग्राम विकास अधिकारी सत्येन्द्र सिंह, रोजगार सेवक व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# एनसीसी के बच्चों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक





**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज** । मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के बहुउद्देशीय हॉल में 67 सी टी आर एनसीसी कैंप के बालक वा बालिकाओं को प्रयागराज यातायात निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर कैंप कमांडेंट रविन्द्र खत्री बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। मुख्य अतिथि महोदय द्वारा पवन पाण्डेय जी को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में निरीक्षक पवन पाण्डेय द्वारा बताया कि सड़क दुर्घटना में न जाने कितने लोगों की जान चली जाती है। खासकर साइकिल चालकों के लिए सुरक्षित सफर करना एक बड़ी चुनौती बन गई है। कारण है कि लोग नियमों को लेकर लापरवाही करते हैं। छात्रों को बताया गया कि कार चालक सीट बेल्ट वा दोपहिया चालक सही मानकों वाला हेलमेट पहनकर ही घर से निकलें। सड़क पर हमेशा दूसरे वाहनों से निश्चित दूरी बनाकर रखनी चाहिए। सड़क किनारे लगे दिशासूचक बोर्ड व सड़क सुरक्षा नियमों की भलीभांति जानकारी होनी चाहिए।

वाहन चलाते समय नशा न करें। लोग कान में इयरफोन लगाकर गाड़ी चलाते हैं जो बेहद खतरनाक है। और बच्चो के यातायत संबंधी प्रश्नों के उत्तर के उत्तर भी दिए,उन्होंने बच्चो को गुड सेमिरिटन वा यातायात के दस स्वर्णिम सिद्धान्त के भी बारे में बताया। इस कार्यशाला में एनसीसी के 450 कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में कैप्टन केपी सिंह, मेजर डीपी गोस्वामी, लेफ्टिनेंट सुनील कुमार,समाजसेवी नितीश शुक्ल,प्रदीप दुबे, सतेन्द्र कुमार,राकेश कुमार,कमलेश कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## फूलपुर में संपूर्ण समाधान दिवस पर 230 शिकायती पत्र

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर।** लोकसभा चुनावों हेतु लगी आचार संहिता समाप्त होने के बाद शनिवार को फूलपुर तहसील सभागार में आयोजित किया गया जिसमे कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों से विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 230 शिकायती पत्र आए जिसको संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण के लिए सौप दिया गया। शनिवार को फूलपुर तहसील में एसडीएम तपन मिश्रा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान का आयोजन हुआ। जिसमें डीसीपी गंगानगर एवं एसीपी फूलपुर भी मौजूद रहे। इस अवसर पर फरियादियों द्वारा कुल 230 प्रार्थना पत्र दिए गए। जिसे संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दे दिया गया। इस अवसर पर तहसीलदार फूलपुर, बीडीओ फूलपुर हनुमान प्रसाद वर्मा,खंड विकास अधिकारी बहरिया, उपखंड अधिकारी विद्युत फूलपुर प्रांजल मिश्र, उपखंड अधिकारी विद्युत झूंसी, के अलावा जल निगम, चकबंदी विभाग, आपूर्ति निरीक्षक तथा आर आई लेखपाल आदि मौजूद रहे।

## मारपीट के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज ।** सहायक पुलिस आयुक्त थरवई पुलिस के पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार गौतम के नेतृत्व में उ0नि0 संदीप कुमार यादव व उ0नि0 रामायण सिंह द्वारा वांछित अभियुक्त मंगल भारतीया पुत्र पप्पू भारतीया निवासी जगदेवपुर बरेठी थाना थरवई प्रयागराज को शनिवार को समय 12.25 बजे मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त के घर ग्राम जगदेवपुर बरेठी से गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारशुदा अभियुक्त व अन्य सह अभियुक्तगण द्वारा दिनांक 08.06.2024 को ग्राम जगदेवपुर बरेठी में आपसी विवाद को लेकर राधेश्याम पुत्र उदयराज निवासी जगदेवपुर बरेठी थाना थरवई जनपद प्रयागराज के ऊपर लाठी डंडा व लोहे की राड से हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था जिसका एस0आर0एन0 हास्पीटल में इलाज चल रहा है जिसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है ।

## दरोगा को पुलिस अधीक्षक ने स्टार लगाया



**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय सम्मन सेल में नियुक्त हे0का0 विनोद कुमार चौबे का उप-निरीक्षक के पद पर पदोन्नति होने पर कंधे पर स्टार लगाकर बधाई दी गई एवं उज्वल भविष्य की कामना की गई।

## गैर इरादतन हत्या के वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

पुलिस आयुक्त के निर्देश पर अपराधियों एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस उपायुक्त गंगानगर पुलिस व सहायक पुलिस आयुक्त थरवई पुलिस के पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार गौतम के नेतृत्व में उ0नि0 धर्मेन्द्र यादव मय पुलिस टीम द्वारा गैर इरादतन हत्या वांछित अभियुक्त राकेश भारतीया पुत्र स्व0 बच्चन भारतीया निवासी ग्राम कांदी थाना थरवई जनपद प्रयागराज शनिवार को समय 12.15 बजे मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त के घर ग्राम कांदी से गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तार अभियुक्त व अन्य सह अभियुक्तगण द्वारा दिनांक 29.05.2024 को ग्राम कांदी में आपसी विवाद को लेकर अखिलेश भारतीया पुत्र सरजू भारतीया निवासी ग्राम कांदी थाना थरवई जनपद प्रयागराज के ऊपर राड से सर में प्रहार किया था जिसकी दौराने इलाज दिनांक 05.06.2024 को एस0आर0एन0 हास्पीटल में मृत्यु हो गयी थी।

# श्रृंगवेरपुर धाम रामचौरा से भक्त भरत गंगा घाट आशा वन रामनगर मार्ग बनाने का प्रयास किया जाएगा: उमेश चंद्र द्विवेदी



**सबसे तेज प्रयागराज**

**श्रृंगवेरपुर।** श्रृंगवेरपुर धाम ऋषियों मुनियों की भूमि है जहां ब्रह्मा जी से कश्यप से विभांड़क से श्रृंगी ऋषिका जन्म हुआ जिनके द्वारा अकाल ग्रस्त क्षेत्र अंग देश में श्री चरण रखने मात्र से जलवृष्टि तथा अयोध्या में जाकर पुत्रेष्टि यज्ञ करने से भगवान श्री राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न का जन्म हुआ साथ ही भगवान श्री राम वन गमन यात्रा के समय श्रृंगवेरपुर धाम मैं रात्रि निवास करते हुए द्वितीय दिवस में नौका द्वारा गंगा पार कर श्रृंगवेरपुर धाम को अपने पवित्र चरण रज से पवित्र करते हुए गौरवान्वित किया साथ ही प्रभु श्री राम को वन यात्रा से वापस लाने के लिए श्री भरत जी ने अपने अयोध्या वासियों के साथ श्रृंगवेरपुर धाम के रामनगर व आशा वन में निवास किया इसी स्थल पर सत्यम शिवम सुंदरम नामक आश्रम का निर्माण कर संस्था के लोगों ने उसे प्राचीनतम इतिहास को पुर्नजागृत करने का सफल प्रयास किया है जो बधाई के पात्र है इस स्थल तक श्रृंगवेरपुर धाम रामचौरा से भक्त भरत गंगा घाट आशा बन रामनगर तक मार्ग के निर्माण का शीघ्र प्रयास किया जाएगा यह बात आज सत्यम शिवम सुंदरम नामक संस्था द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं पर्यावरण संगोष्ठी में राष्ट्रीय रामायण मेला श्रृंगवेरपुर धाम के महामंत्री उमेश चंद्र द्विवेदी ने बतौर मुख्य अतिथि कहा

उन्होंने यह भी कहा जहां एक और योग से हमें सामाजिक शारीरिक व शैक्षिक चेतन प्राप्त होती है वहीं दूसरी ओर शुद्ध पर्यावरण से हमें वायु मन जल आदि की निर्मलता प्राप्त होती है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को एक वृक्ष अपने जीवन में अवश्य तैयार करना चाहिए उन्होंने इस मौके पर वृहद वृक्षारोपण करने हेतु लोगों का आवाहन भी किया साथ ही यह भी बताया की उत्तर प्रदेश सरकार पर्यटन विभाग एवं भारत सरकार द्वारा श्रृंगवेरपुर धाम को विकसित किया जा रहा है जिससे भविष्य में आने वाले पर्यटकों को और अधिक सुविधाएं प्राप्त होगी कार्यक्रम का संचालन संस्था के अध्यक्ष सर्वदानंद ने किया तथा उपाध्यक्ष फौजी पांडे प्रजापिता ब्रह्माकुमारी मध्य प्रदेश से पधारी जया जी ऋषिका जी आदि बहनों ने मुख्य अतिथि सहित आए हुए लोगों को सम्मानित करते हुए उनका अतिथि सत्कार किया इस मौके पर संजय सिंह ने वृक्षारोपण करते हुए वृक्षों वह पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डाला इस अवसर पर श्री श्रृंगवेरपुर धाम के सोशल मीडिया प्रभारी ओम प्रकाश द्विवेदी राष्ट्रीय रामायण मेला के संयुक्त मंत्री अमित द्विवेदी सहित बहुत से लोग उपस्थित रहें

## आगामी त्यौहार बकरीद के दृष्टिगत जनपद के धर्मगुरुओं, प्रतिष्ठित/सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ थाना कसया में पीस कमेटी की मीटिंग की गयी



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर ।** आगामी त्यौहार बकरीद के दृष्टिगत थाना कसया में अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर अभिनव त्यागी द्वारा शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न धर्मगुरुओं, प्रतिष्ठित/सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ संयुक्त पीस कमेटी की मीटिंग की गयी । मीटिंग में धर्मगुरूओं से आपस में मिल-जुलकर शान्ति व सौहार्द पूर्वक त्यौहार मनाने, अफवाहों व झूठी खबरों पर ध्यान न देने तथा अफवाहों को फैलने से रोकने हेतु अपील की गयी ।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी कसया कुंदन सिंह व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

## तहसील मानिकपुर में सुनी गयी फरियादियों की शिकायतें, निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिये निर्देश



**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील सभागार मानिकपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया । इस दौरान आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देश दिये गये । भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके जाकर जांचकर निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया ।

इस दौरान उपजिलाधिकारी मानिकपुर पंकज वर्मा, क्षेत्राधिकारी मऊ जयकरन सिंह, राजस्व एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो–पहिया/चार पहिया वाहनों को चेक किया गया । यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 141 वाहनों का ई–चालान किया ।

## निरोधात्मक कार्यवाही मे 15 अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में ( थाना मंझनपुर से 01, थाना पश्चिम शरीरा से 03, थाना सराय अकिल से 05, थाना पिपरी से 04, थाना मो0पुर पइन्सा से 01, थाना कोखराज से 01 ) कुल 15 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान मा0 न्यायालय किया गया ।

## मामूली बात पर मारपीट महिला की मौत 7 के खिलाफ केस दर्ज

**सबसे तेज प्रयागराज**

फूलपुर थाना क्षेत्र के बसना गांव में मामूली सी बात पर दो पक्षों ने जमकर मारपीट हुई जिसमे कई लोग घायल हो गए उपचार के बाद शहर ले जाते समय एक महिला की मौत हो गई जिसमे मामले में 7 लोगो के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फूलपुर थाना क्षेत्र के बसना गांव निवासी विजय सिंह पुत्र स्वर्गीय अवधेश सिंह ने शनिवार को फूलपुर थाने में शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया की शुक्रवार देर शाम मामूली सी बात पर पड़ोसी दीनू सिंह आदि से मार पीट हो गई जिसमे बिपक्षियो ने लाठी डंडे के साथ लोहे की राड से मारने लगे जिसमे कई लोग घायल हो गए जिसमे आवेदक। की मां सावित्री देवी को काफी गंभीर चोटे आई उन्हे सी एच सी फूलपुर में भर्ती कराया गया जहां हालत नाजुक होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया गया उन्हे उपचार के लिए शहर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई ।

## जिला प्रोबेशन अधिकारी को किया जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी नामित

**गाजियाबाद। महिला** कल्याण उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र संख्या सी-568 दिनांक 11.06.2024 के क्रम में सूचित किया जाता है कि दहेज प्रतिषेध नियमावली, 1999 के द्वारा जिला प्रोबेशन अधिकारी को जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी नामित किया गया है।

दहेज प्रतिषेध नियमावली धारा 10 में उल्लेख है कि विवाह में पक्षकारों द्वारा उपहारों की सूची को प्रस्तुत करना किसी विवाह में पक्षकारों या माता-पिता में से कोई या उनमें से किसी के द्वारा दहेज प्रतिषेध अधिकारी को विवाह के दिनांक से एक माह के भीतर दहेज प्रतिषेध (वर वधू भेट सूची) नियम, 1985 (डावरी प्राहिबिशन, मेन्टेनेंस आफ लिस्ट्स) (प्रजेट टू दी ब्राइड एण्ड ब्राइडग्रुम)) रूल 1985 के अनुसार की गई उपहारों की सूचना प्रस्तुत की जायेगी।

अतः जनपद में होने वाले समस्त विवाहों (पंजीकृत व अपंजीकृत) में दोनो पक्षकारों की ओर से हस्ताक्षरित सूची जिला प्रोबेशन अधिकारी जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत की जायेगी।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार , जेल



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर वारंटियों के खिलाफ संदीपन घाट पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना संदीपनघाट पुलिस उ0नि0 बिन्दू लाल बिन्द मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त गोपाल मौर्या पुत्र चन्दा मौर्या नि0 महगांव थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया ।

# एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं एवं छात्रों को किया जागरूक





**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के कुशल निर्देशन मे प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मय हमराह एंटीरोमियो टीम द्वारा एंटीरोमियो चेकिंग की गई तथा शक्ति दीदी ,मिशन शक्ति के तहत स्कूल के समय भ्रमणशील रहकर महिलाओ और बालिकाओ को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर जानकारी दी।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 46 शिकायतों में 6 का मौके पर किया गया निस्तारण





**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज ।** डीएम नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में शनिवार को सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने जनसमयाओं को सुनते हुए सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को उनके विभाग से सम्बंधित शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिये हैं साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि शिकायतों के निस्तारण से शिकायतकर्ता को संतुष्ट भी होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जन-शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं है। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में आयें हुए वरासत, अवैध कब्जा, विद्युत बिलों से सम्बंधित शिकायतों का शीघ्रता से निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया है। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कुल 46 शिकायतें आयीं (राजस्व विभाग की 20, पुलिस विभाग की 10 व अन्य विभागों से सम्बंधित कुल 16 शिकायतें), जिनमें से कुल 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों को आज ही प्राप्त करते हुए उनको निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा है कि शिकायतों का निस्तारण अनिवार्य रूप से निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही एवं उदासीनता पाये जाने पर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर अभिषेक कुमार सिंह, तहसीलदार सदर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इसी प्रकार डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती ने जनसुनवाई किया।

## चुस्त-दुरुस्त रहने का बढ़िया विकल्प है Chia Seeds, इन 5 तरीकों से बनाएं इसे अपनी डाइट का हिस्सा



**Chia Seeds सेहत के लिए काफी फायदेमंद माने जाते हैं। इन्हें अपनी डाइट में शामिल करने से ढेर सारे फायदे मिलते हैं। हालांकि इसे खाया किस तरह से अक्सर वह लोगों के लिए एक बड़ा सवाल होता है। आमतौर पर लोग चिया सीड्स का पानी पीते हैं लेकिन आप अन्य तरीकों से भी इसे डाइट में शामिल कर सकते हैं। जानते हैं चिया सीड्स की 5 रेसिपी।**

सेहतमंद रहने के लिए इन दिनों लोग कई उपाय अपनाते हैं। हेल्दी डाइट से लेकर वर्कआउट तक, लोग अपनी फिटनेस के लिए कई चीजें करते हैं। इन दिनों हेल्दी डाइट के लिए नट्स और सीड्स का चलन काफी ज्यादा बढ़ गया है। चिया के बीज यानी Chia Seeds इन्हीं में से एक है, जिसे आजकल कई लोग अपनी डाइट में शामिल करते हैं।

चिया बीज पोषण का पावरहाउस हैं, जो ओमेगा-3 फैटी एसिड, फाइबर और प्रोटीन से भरपूर होता हैं। हालांकि, इसे डाइट में शामिल करने को लेकर अक्सर लोगों के मन में कई सवाल होते हैं। अगर आप भी इसे अपनी डाइट का हिस्सा बनाना चाहते हैं, तो चिया सीड्स से बनने वाली इन 5 रेसिपीज को ट्राई कर सकते हैं।

चिया ओटमील

आप इसे अपने सुबह के नाश्ते में मिलाकर खा सकते हैं। अपने ओटमील से भरी बाउल में 1 बड़ा चम्मच चिया सीड्स डालकर आप इसे डाइट का हिस्सा बना सकते हैं। चिया सीड्स से भरपूर ओटमील नाश्ते में खाने से इसमें मौजूद फाइबर और ओमेगा -3 फैटी एसिड पाचन में सुधार करता है और आपको लंबे समय तक पेट भरा रखता है।

चिया फ्रेस्का

इसे बनाने के लिए एक कप पानी में 1 बड़ा चम्मच चिया सीड्स मिलाएं और 1 बड़ा चम्मच नींबू का रस और 1 बड़ा चम्मच शहद मिलाएं। इसे 10 मिनट तक ऐसे ही रहने दें, जब तक बीज अच्छे से फूल न जाएं। इसे ठंडा करके पीने के लिए आप इसमें बर्फ के टुकड़े भी मिला सकते हैं।

चया एनर्जी बार

चिया सीड्स से आप एनर्जी बार भी बना सकते हैं। इसे बनाने के लिए 1 कप ओट्स, 1/2 कप पीनट बटर, 1/4 कप शहद और 2 बड़े चम्मच चिया बीज मिलाएं। अब इसे एक बेकिंग डिश में डालकर अच्छे से सेट करें और कुछ घंटों के लिए रेफ्रिजिरेट करें। नाश्ते के लिए हेल्दी चिया बार सर्व करें।

चिया पुडिंग

चिया पुडिंग भी एक शानदार तरीका है, चिया सीड्स को डाइट में शामिल करने का। इसे तैयार करने के लिए 1 कप बादाम के दूध में 3 बड़े चम्मच चिया बीज मिलाएं। फिर स्वीटनर के लिए शहद या मेपल सिरप मिलाकर इसे रात भर के लिए रेफ्रिजरेटर में छोड़ दें। सुबह ऊपर से ताजे फल, मेवे या ग्रेनोला डालकर डाल सर्व करें।

चया स्मूथी

आप चिया सीड्स को स्मूदी की तरह भी अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। इसके लिए अपनी पसंदीदा स्मूदी की सामग्री जैसे पालक, केला, जामुन और बादाम का दूध के साथ 1 बड़ा चम्मच चिया बीज मिलाएं। चिया बीज को स्मूदी में मिलाने से इसका पोषण कंटेंट बढ़ जाएगा।

# Jammu-Kashmir में सुरक्षा के लिए कई नई चुनौतियां उभरते देख Modi ने जो फैसला किया है उसका बड़ा असर होने वाला है

जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान की ओर से आतंक को बढ़ावा दिये जाने के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों के साथ एक बैठक कर केंद्र शासित प्रदेश के सुरक्षा हालात की समीक्षा की और आतंक रोधी क्षमताओं के पूर्ण इस्तेमाल का निर्देश दिया है। इसके बाद माना जा रहा है कि जम्मू-कश्मीर में चप्पे चप्पे पर सुरक्षा के बंदोबस्त पहले की तरह दिखाई दे सकते हैं। इस बीच, कश्मीर में 'लिक्विड आईईडी' एक बड़े खतरे के रूप में सामने आता दिख रहा है जिससे सुरक्षा बलों की चिंता बढ़ गयी है। सुरक्षा बल इसलिए भी चिंतित हैं क्योंकि आतंकवादियों को स्थानीय स्तर पर पनाह और अन्य प्रकार का समर्थन मिल जा रहा है। इसके अलावा एक अन्य दिक्कत यह है कि सुरक्षा बल यदि गांव वालों से पूछताछ कर रहे हैं या संदिग्धों को हिरासत में ले रहे हैं तो विपक्ष इसे लोगों को परेशान करने की कवायद बताकर इसका विरोध कर रहा है। जम्मू-कश्मीर में जल्द ही अमरनाथ यात्रा शुरू होनी है और अक्टूबर से पहले वहां राज्य विधानसभा के चुनाव भी कराये जाने हैं, ऐसे में सुरक्षा हालात को तत्काल दुरुस्त करना बेहद जरूरी हो गया है।

मोदी ने की सुरक्षा हालात की समीक्षा

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद वहां शांति स्थापित हुई लेकिन उस शांति में खलल डालने के प्रयास जब तब होते रहते हैं इसलिए माना जा रहा है कि मोदी सरकार राज्य के हालात को संभालने के लिए जल्द ही कोई बड़ा कदम उठा सकती है। जहां तक प्रधानमंत्री की ओर से की गयी बैठक की बात है तो आपको बता दें कि तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही एक बस पर हमले सहित जम्मू एवं कश्मीर में हाल के दिनों में हुई कई आतंकवादी घटनाओं के बाद गुरुवार को केंद्र शासित प्रदेश की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की गयी और अधिकारियों को 'आतंकवाद रोधी क्षमताओं का पूर्ण इस्तेमाल' करने का निर्देश दिया गया। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और अन्य अधिकारी मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में शामिल हुए। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी बात की गई और सुरक्षा बलों की तैनाती और आतंकवाद विरोधी अभियानों पर चर्चा की गई। मोदी ने जम्मू एवं कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भी बात की और केंद्र शासित प्रदेश में स्थिति का जायजा लिया। उपराज्यपाल सिन्हा ने उन्हें स्थानीय प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। बैठक में प्रधानमंत्री को क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी स्थिति और वहां चलाए जा रहे आतंकवाद विरोधी अभियानों से अवगत कराया गया।

**जम्मू-कश्मीर पुलिस ने चेताया**





इस बीच, जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन ने पाकिस्तान पर अपने भाड़े के सैनिकों के जरिये यहां का शांतिपूर्ण माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि भारतीय सेना दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए दृढ़ संकल्पित है। स्वैन ने ÷दुश्मन एजेंटों÷ को चेतावनी दी कि वे आतंकवाद का समर्थन करने के अपने फैसले पर पछताएंगे। उन्होंने यह भी कहा, ''उनके (ऐसे एजेंटों के) पास परिवार, जमीन और नौकरियां हैं, जबकि पाकिस्तानी आतंकवादियों के पास खोने के लिए कुछ नहीं है।'' डीजीपी ने रियासी जिले में संवाददाताओं से कहा, ÷(जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का) प्रारंभिक बिंदु सीमा पार है। विरोधी पक्ष का स्पष्ट इरादा यह है कि यदि वे कश्मीर में शांतिपूर्ण माहौल बिगाड़ने के लिए स्थानीय लोगों को विध्वंसक गतिविधियों के लिए प्रेरित नहीं कर सकते, तो पाकिस्तानियों को वहां भेजकर उनकी भर्ती करें और उन्हें जबरन इस दिशा में धकेलें।'' पुलिस प्रमुख ने कहा, ''दुश्मनों के एजेंट पैसे और नशीले पदार्थों के लिए ऐसा (विदेशी आतंकवादियों की मदद) कर रहे हैं। उनकी पहचान की जाएगी और उनसे सख्ती से निपटा जाएगा। हम उन्हें चेतावनी देना चाहते हैं कि (विदेशी) आतंकवादी मारे जाएंगे... लेकिन जो लोग उनका समर्थन कर रहे हैं, उन्हें पछताना पड़ेगा।'' उन्होंने कहा कि विदेशी आतंकवादियों के पास कोई नहीं है, चाहे उनके बच्चे हों या नहीं। उन्होंने कहा, ''हमें नहीं पता कि वे जेलों से उठाकर किसे यहां भेज रहे हैं, लेकिन जो लोग उनका (आतंकवादियों का) यहां समर्थन कर रहे हैं, उनके पास यहां जमीन, बच्चे और नौकरियां हैं और उन्हें नुकसान उठाना होगा।'' स्वैन ने कहा कि पाकिस्तान जम्मू कश्मीर के बीहड़ इलाकों का इस्तेमाल करना चाहता है ताकि वह विदेशी आतंकवादियों को जंगलों में भेजकर शांतिपूर्ण माहौल बिगाड़ सके। उन्होंने कहा, ''यही सच है।''

हालांकि, उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल शांति बनाए रखने और जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित और वचनबद्ध हैं। उन्होंने कहा, ''हमारा जवाब क्या होगा? हम छोटे नुकसान के लिए तैयार हैं, क्योंकि जब हम पर युद्ध थोपा जाता है और आतंकवादी हमें मारने या मरने के लिए हमारे सामने खड़े होते हैं, तो हम अपने सभी संसाधनों का इस्तेमाल करते हैं और हमारा प्रयास मुंहतोड़ जवाब देना होता है। चूंकि उनके पास परवाह करने वाला कोई नहीं है, इसलिए नुकसान पहुंचाने की उनकी शक्ति अधिक प्रतीत होती है।÷ उन्होंने कहा कि आतंकवाद ने 1995 में जम्मू क्षेत्र, खासकर डोडा और रामबन में अपने पैर पसारे, लेकिन 2005 तक यह पूरी तरह से खत्म हो गया। उन्होंने कहा, ÷अगर हम इसी तरह की चुनौती का सामना करते हैं, तो निश्चिंत रहें कि हम उन्हें मुंहतोड़ जवाब देने और शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए उन्हें एक-एक करके मारने के लिए प्रतिबद्ध और वचनबद्ध हैं।÷

**लिक्विड आईईडी नई चुनौती**

दूसरी ओर, कश्मीर में उभर रहे नये खतरे की बात करें तो आपको बता दें कि जम्मू-कश्मीर के आंतकी परिदृश्य में तरल विस्फोटक 17 साल बाद फिर से वापसी करता दिख रहा है, क्योंकि हाल ही में पुलिस ने एक आतंकवादी ठिकाने पर छापेमारी में लिक्विड इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' बरामद किया है। एक अधिकारी ने बताया कि इस 'लिक्विड इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' का पता लगाना मुश्किल होता है और इसलिए इसे डिफिकल्ट टू डीकेटेक्ट (डी2डी) श्रेणी में रखा गया है। इस महीने की शुरुआत में पुलवामा में हुई मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी कमांडर रियाज डार उर्फ सथार और उसका साथी रईस डार मारा गया था। इसके बाद पुलिस ने आतंकवादियों के एक 'ओवर ग्राउंड वर्कर' (ओजीडब्ल्यू) को गिरफ्तार किया था। इसी ओजीडब्ल्यू से तरल आईईडी बरामद हुआ है। हम आपको बता दें कि रियाज डार 2014 में प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा में शामिल हो गया था और उसने मारे गए पाकिस्तानी आतंकवादियों अबू दुजाना और अबू इस्माइल के साथ काम किया था। वह कई आतंकवादी गतिविधियों में शामिल था। रियाज पर 10 लाख रुपये से अधिक का नकद इनाम घोषित था। वहीं, रईस डार पर पांच लाख रुपये का नकद इनाम घोषित था।पुलिस ने मुठभेड़ के तुरंत बाद लश्कर आतंकवादियों के लिए काम करने वाले ओजीडब्ल्यू के खिलाफ कार्रवाई की और उनमें से चार को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ के दौरान एक ओजीडब्ल्यू ने बताया कि आतंकवादियों को पुलवामा के निहामा के रहने वाले बिलाल अहमद लोन, सज्जाद गनी और शाकिर बशीर ने पनाह और रसद प्रदान की थी। उन्होंने बताया कि इससे आतंकियों के ओजीडब्ल्यू नेटवर्क का खुलासा हुआ और इन तीनों को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान ओजीडब्ल्यू ने पुलिस को बताया कि लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों ने तरल आईईडी तैयार किया है। शाकिर बशीर ने उन्हें बागों में छिपा दिया था। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस और सेना की टीम ने इसे बरामद किया। सेना के विस्फोटक विशेषज्ञों ने प्लास्टिक कंटेनर में रखे छह किलोग्राम तरल आईईडी को नष्ट करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि इसे एक बड़े खतरे के रूप में देखा जा सकता है क्योंकि ऐसे विस्फोटकों को 'डी2डी' श्रेणी में रखा जा सकता है।

हम आपको याद दिला दें कि दक्षिण कश्मीर में 2007 के दौरान आतंकवादी गुटों ने तरल विस्फोटकों का इस्तेमाल किया था, लेकिन इसके बाद जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के दशक के दौरान ऐसा कुछ नहीं देखा गया। अधिकारियों ने कहा कि खुफिया जानकारी मिली है कि पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूह अब तरल विस्फोटकों का इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस ने फरवरी, 2022 में जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास पाकिस्तानी ड्रोन से फेंके हथियार और गोला-बारूद बरामद किये थे। बरामद किये गये विस्फोटकों में सफेद तरल की तीन बोतलें भी शामिल थीं। इन बोतलों को एक लीटर की बोतलों में पैक किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि फोरेंसिक जांच से पता चला है .

## संपादकीय

### महिलाओं की कम आय चिंताजनक

भारत कई तरह की असमानताओं से जूझता हुआ देश है। इन गैरबराबरियों में आर्थिक भेदभाव के अलावा जातिगत असमानता तो है ही, लैंगिक भेदभाव बेहद विकराल रूप में है। कमोबेश सभी तरह की महिलाओं को किसी न किसी रूप में इसका सामना करना ही पड़ता है। शहरी हो या ग्रामीण, साक्षर हो या निरक्षर या अल्प शिक्षित, वह कथित ऊंची जाति की हो या फिर निचली जाति की- प्रत्येक महिला आजीवन उससे हर कदम पर दो-चार होती है।

माना जाता है कि आत्मनिर्भरता स्त्रियों को पुरुषों के समकक्ष ला सकती है लेकिन वहां भी उनकी राह इतनी आसान नहीं है। असमानता का दंश वहां भी मौजूद है। वर्ल्ड इकॉनामिक फोरम की बुधवार को जारी रिपोर्ट में बतलाया गया है कि भारत में पुरुषों की तुलना में महिलाओं की आय 60 फीसदी कम है। यह अंतर इतना अधिक है कि इसके बल पर कोई भी सभ्य समाज अपने यहां लैंगिक बराबरी का दावा बिलकुल नहीं कर सकता। यह शर्मनाक भी है। सरकार को इस ओर ध्यान देकर वे सारे उपाय करने चाहिये जो पुरुष-महिला के बीच मेहनताने की इस खाई को मिटा सकें।वैसे यह रिपोर्ट देश में लैंगिक असमानता की स्थिति की पोल को खोलती है। 146 देशों की सूची में भारत 129 वें स्थान पर खड़ा है। पिछले वर्ष वह 125वें पायदान पर था। इसका सीधा सा अर्थ है कि यह देश महिलाओं को देवी मानने को लिये तो तैयार है लेकिन उसे मनुष्य के रूप में उसके वे अधिकार देने को तैयार नहीं है जिसकी शुरुआत हर प्रकार की समानता से होती है। इस रिपोर्ट ने भारत को उन देशों के समूह में रखा है जहां लैंगिक असमानता सर्वाधिक है। उसे 0.398 अंक मिले हैं जो बहुत खराब प्रदर्शन है। इसमें कहा गया है कि जिस काम के लिये पुरुष को 100 रुपये मिलते हैं, महिला को 52 ही मिलते हैं। उसका योगदान भी बामुश्किल 40 फीसदी ही है। इस क्षेत्र में भारत की स्थिति केवल पाकिस्तान, ईरान, सूडान एवं बांग्लादेश से ही बेहतर बताई गई है।वैसे महिलाओं की आर्थिक बदहाली व पुरुषों के नीचे ही उसे बनाये रखने का प्रमुख कारण व आधार इस समाज की पुरुषवादी सोच ही है। पूरा ही पूरा सामाजिक ढांचा इन्हीं असमानताओं पर खड़ा है। सामंती एवं धार्मिक- इन दो तत्वों से बना भारतीय समाज उन तीनों ही तरह की गैरबराबरियों को बनाये रखने का हिमायती है जिसका उल्लेख ऊपर किया गया है। समाज को हांकने वाले धर्म व राजनीति में काम करने वाले जानते हैं कि महिलाओं के पुरुषों की बराबरी में आने का मतलब होगा इस शोषण आधारित व्यवस्था का चरमराकर ढह जाना। इसलिये वे यथास्थिति को बनाये रखते हैं। जितने भी तरह की धार्मिक व नीति कथाएं बतलाई जाती हैं उनमें औरतों को त्याग करने वाली, अल्प संतोषी, पुरुषों, खासकर पिता व पति की सेवा में अपना जीवन खपाने-मिटाने वाली महिलाओं को महिमा मंडित किया जाता है। उन्हें आत्मनिर्भरता के अलावा सारा कुछ सिखाया जाता है। घर में खानपान से लेकर शिक्षा-दीक्षा तक लड़कों व लड़कियों में भेदभाव होता देखकर वे बच्चियां बड़ी होकर इसी परम्परा को आगे बढ़ाती हैं। लड़कियों की पढ़ाई यह कहकर छुड़ा दी जाती है कि यह तो लड़की है, इतना पढ़कर क्या करेगी या फिर, उसे कौन सी नौकरी करनी है... आदि। लड़कियों को इस काबिल ही नहीं बनाया जाता कि वे नौकरी कर सकें।संगठित क्षेत्रों में तो कानूनों के कारण वेतन, भत्तों व सुविधाओं में समानता देखी जा सकती है लेकिन वहां उनका प्रतिशत बहुत कम है। बड़ी कम्पनियों में लैंगिक अनुपात की स्थिति बेहद खराब है। आगे बढ़ने के अवसर भी उनके लिये पुरुषों के मुकाबिल कम ही होते हैं। महत्वपूर्ण पद एवं जिम्मेदारियां उन्हें नहीं मिलतीं। यहां तक कम्पनियों के बोर्ड में तक महिलाएं उद्योगपतियों के परिवारों की ही होंगी। शासकीय कम्पनियों में तक यही परिदृश्य है। असंगठित क्षेत्रों में हालत ज्यादा खराब है। पुरुषों की तुलना में उन्हें रोजगार तो कम मिलते ही हैं, वेतन-पारिश्रमिक में भी व्यापक असमानता है जिसका समग्र असर न सिर्फ उनके जीवन स्तर पर पड़ता है बल्कि उसकी अन्य असमानताओं के खिलाफ की जाने वाली लड़ाइयां भी कमजोर पड़ जाती हैं।आश्चर्य की बात तो यह है कि महिलाओं के साथ होने वाला यह भेदभाव केवल भारत में नहीं बल्कि दुनिया भर में है। अलबत्ता अच्छी शिक्षा एवं नागरिक अधिकारों के प्रति सजग जिन देशों ने अपने लिये काफी हद तक समतामूलक समाज बनाया है, वहां महिलाओं की राह अपेक्षाकृत आसान हो चली है, पर तीसरी दुनिया कहे जाने वाले ज्यादातर एशियाई, अफ्रीकी तथा लैटिन अमेरिकी देशों में महिलाएं बहुत पीछे चल रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, असमानता की यह डगर इतनी लम्बी है कि उसे पार करने में यूरोप को 67, उत्तर अमेरिकी को 95 तथा लातिनी अमेरिका व कैरेबियाई देशों को 53 साल लगेंगे। भयावह स्थिति तो दक्षिण एशियाई देशों की है जिनमें भारत का भी शुमार है। इनमें लैंगिक असमानता को पाटने में 149 वर्ष लग जायेंगे। सर्वाधिक खराब स्थिति पूर्वी एशिया के देशों में है जिनके लिये यह अवधि 189 साल आंकी गई है।

# गठबंधन राजनीति की मजबूरियां

निर्मला सीतारमण को अपने बजट में इसके लिए पर्याप्त संसाधन आवंटित करने होंगे। यह उनके पिछले बजटों में कभी भी प्रमुख विचार नहीं रहा है। इसके अलावा, चूंकि देश 50 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा रखता है, इसलिए वित्त मंत्री को रोज़गार सृजन के साथ-साथ निवेश और नवाचार को प्रोत्साहित करके विकास को गति देनी होगी।मोदी 3.0 कैबिनेट में वित्त मंत्री के रूप में पुन÷ कार्यभार संभालने के बाद,निर्मला सीतारमण अपने अन्य सहयोगियों की तुलना में सबसे अधिक दबाव में हैं क्योंकि नयी सरकार का बजट मुश्किल से एक महीने दूर है। इस बार उनका बजट बनाना अधिक जटिल है क्योंकि उन्हें गठबंधन की राजनीति की मजबूरियों को भी समायोजित करना है। कुल मिलाकर, उन्हें आर्थिक चुनौतियों के एक जटिल परिदृश्य का सामना करना पड़ रहा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भाजपा के लिए स्पष्ट बहुमत हासिल करने में विफल रहने के बाद, उनकी सरकार को गठबंधन सहयोगियों - चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी और बिहार के मजबूत नेता नीतीश कुमार की जेडी-यू का समर्थन हासिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा है, इसके बावजूद कि दोनों ही पल भर में अपनी वफादारी बदलने की प्रवृत्ति वाले हैं।मोदी 3.0 के निहितार्थों को स्पष्ट करने की आवश्यकता नहीं है। निर्मला सीतारमण को विविध हितों को ध्यान में रखना होगा, अपेक्षाओं का प्रबंधन करना होगा और आर्थिक नीतियों पर आम सहमति बनानी होगी, जिनमें से कोई भी आसान काम नहीं है। गठबंधन की गतिशीलता लगातार उनका ध्यान आकर्षित करेगी। आर्थिक स्थिरता से समझौता किये बिना गठबंधन सहयोगियों की मांगों को संतुष्ट करना एक नाजुक काम है, जो जटिल चुनौतियों से भरा है। उन्हें देश की वित्तीय सेहत की रक्षा करते हुए आम सहमति बनानी होगी और इसके लिए राजकोषीय रूढ़िवादिता, गठबंधन की वास्तविकताओं और विकास की अनिवार्यताओं को संतुलित करने की दुर्लभ क्षमता की आवश्यकता होगी।

निर्मलासीतारमण पिछले पांच वर्षों से भारत के वित्त मंत्रालय की कमान संभाल रही हैं और उन्होंने लगातार छह बजट पेश किये हैं। पूर्ण कार्यकाल के लिए इस पद पर रहने वाली पहली महिला के रूप में उनकी नियुक्ति एक महत्वपूर्ण व्यक्तिगत मील का पत्थर है। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने प्रमुख सुधारों को लागू किया, जिसमें बेसकॉर्पोरेट टैक्स की दर को 30प्रतिशत से घटाकर 22प्रतिशत करना और महामारी से उत्पन्न आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए 20 लाख करोड़ रुपये के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा करना शामिल है।



सीतारमणकी अपनी पिछली नीतियों पर कायम रहने की संभावना है, जिसका लक्ष्य राजकोषीय समेकन है। उनके पिछले प्रयासों ने राजकोषीय घाटे को 5.8प्रतिशत से घटाकर 5.6प्रतिशत कर दिया और वर्तमान संदर्भ में विवेकपूर्ण राजकोषीय प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण होगी। चूंकि भारतीय अर्थव्यवस्था एक गतिशील वैश्विक वातावरण में काम करती है, इसलिए उन्हें इसे भू-राजनीतिक तनावों, व्यापार व्यवधानों और दुनिया भर में आर्थिक बदलावों के बीच भी आगे बढ़ाना होगा। भारत के हितों की रक्षा करते हुए इन अनिश्चितताओं का प्रबंधन करना कोई छोटी उपलब्धि नहीं होगी।महामारी से प्रेरित आर्थिक मंदी सरकारी वित्त पर दबाव बना रही है। इसलिए, वित्त मंत्री को विकास को प्रोत्साहित करने और राजकोषीय अनुशासन बनाये रखने के बीच एक नाजुक संतुलन बनाना होगा। दबाव की जरूरतों को पूरा करते हुए विवेकपूर्ण खर्च सुनिश्चित करना एक कठिन काम होगा। मध्यम वर्ग बेसब्री से मुद्रास्फीति, कर बोझ और बढ़ती लागतों से राहत का इंतजार कर रहा है और बजट के फैसले सीधे उनके जीवन को प्रभावित करेंगे। राजकोषीय विवेक बनाये रखते हुए उनकी अपेक्ष ाओं को पूरा करना एक कठिन चुनौती है।

चुनाव परिणामों ने सत्तारूढ़ दल को यह झटका दिया है और यह स्पष्ट कर दिया है कि मतदाता व्यवहार को निर्धारित करने वाले वास्तविक मुद्दे सामाजिक और धार्मिक पहचान और अस्मिता की राजनीति की नियमित बयानबाजी से परे हैं। उल्लेखनीय है कि मोदी 2024 के चुनाव अभियान के दौरान वैसे ही बयानबाजी से फायदा उठाने की कोशिश कर रहे थे। चुनाव प्रचार के विभिन्न चरणों में वे एक विभाजनकारी मुद्दे से दूसरे मुद्दे पर कूदते रहे, लेकिन उन्हें यह एहसास नहीं हुआ कि जमीनी स्तर पर लोग आस्था या पहचान के मुद्दों से कहीं अधिक अपने दैनिक जीवन को लेकर चिंतित हैं।

इससे नई सरकार पर अतिरिक्त बोझ पड़ा है, जिसका मतलब है कि रोजगार सृजन के लिए पर्याप्त संसाधन जुटाना होगा, जो 2014 में सत्ता में आने के बाद से मोदी सरकार के लिए कम प्राथमिकता रही है, जबकि समय-समय पर इसके विपरीत बड़े-बड़े दावे किये गये हैं। सरकार रोजगार के आंकड़ों और परिभाषाओं की फिर से व्याख्या करने के संदिग्ध प्रयासों के माध्यम से इस चूक को दूर करने की कोशिश कर रही है।

राष्ट्रीय रोजगार नीति के बारे में बात हुई है, जो हालांकि अकादमिक स्तर पर ही रही। अनौपचारिक क्षेत्र में 90प्रतिशत रोजगार होने के कारण, सरकार की रोजगार सृजन योजनाओं ने बेरोजगारों की सेना के इस सबसे महत्वपूर्ण हिस्से को काफी हद तक नजरअंदाज कर दिया है। यह बिना किसी संदेह के साबित हो चुका है कि %पकौड़ा अर्थशास्त्र% काम नहीं करता है और ग्रामीण युवाओं को वास्तविक और भुगतान वाली नौकरियों की आवश्यकता है। इसका मतलब यह होगा कि निर्मला सीतारमण को आबादी के इस महत्वपूर्ण हिस्से पर अधिक ध्यान केंद्रित करना होगा।

मोदी किसानों की आय दोगुनी करने का वायदा करते रहे हैं, लेकिन ज़मीनी स्तर पर स्थिति बिलकुल अलग है। किसान केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ़ आंदोलन कर रहे हैं और सत्ताधारी पार्टी को इन समस्याओं के प्रति उपेक्षापूर्ण रवैये की भारी कीमत चुकानी पड़ी है। अब प्रायश्चित करने का समय आ गया है और निर्मला सीतारमण को अपने बजट में इसके लिए पर्याप्त संसाधन आवंटित करने होंगे। यह उनके पिछले बजटों में कभी भी प्रमुख विचार नहीं रहा है।

इसके अलावा, चूंकि देश 50 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा रखता है, इसलिए वित्त मंत्री को रोज़गार सृजन के साथ-साथ निवेश और नवाचार को प्रोत्साहित करके विकास को गति देनी होगी। अल्पकालिक उपायों को संतुलित करना दीर्घकालिक संरचनात्मक सुधारों के साथ यह महत्वपूर्ण है।

# डीएम एसपी ने तहसील सिराथू में जनशिकायतों को सुनकर समयान्तर्गत निस्तारित करने के दिए निर्देश

**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**





**कौशांबी।** जनपद कौशाम्बी के सभी तहसीलों में आज सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार राय एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील सिराथू में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में पैमाइश आदि से सम्बन्धित कोर्ट के आदेश का अनुपालन न कराये जाने की शिकायतें प्राप्त होने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी राजस्व निरीक्षकों को निर्देशित किया कि इस प्रकार की शिकायतों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण/समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 135 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 06 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

समाधान दिवस में शिकायतकर्ता शोभा सिंह निवासी ग्राम-टाण्डा ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि गांव के ही दबंग व्यक्ति द्वारा खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सिराथू को प्रकरण की जॉच कर खलिहान की भूमि से अवैध कब्जा हटवाने के निर्देश दियें। इसी प्रकार शिकायतकर्ता दारा सिंह निवासी ग्राम-रमपुरवा ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि गांव के ही व्यक्ति द्वारा ग्रामसभा की भूमि पर मकान बना लिया गया है तथा आरसीसी रोड में पिलर गाड़ दिया गया है, जिससे वाहनों के आवागमन में बाधा उत्पन्न हो गई, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सिराथू को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें।

तहसील मंझनपुर में कुल 22 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील चायल में कुल 33 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रबुद्ध सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार एवं उप जिलाधिकारी महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, सीओ अभिषेक सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# प्रदेश के नगर निकायों में समस्त रिक्त पदों पर नियमित नियुक्तियां की जाये

**सबसे तेज प्रयागराज**



**लखनऊ।** नगर निगम कर्मचारी संघ, के अध्यक्ष आनंद वर्मा ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर नियुक्तियां प्रदान किए जाने के आदेश पर मुख्यमंत्री का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि आज के परिवेश के अनुरूप बड़ी हुई आबादी एवं बड़े हुए कार्यक्षेत्र के अनुसार सेवा आदेश-1962 में संशोधन करते हुए प्रदेश की निकायों में सफाई कर्मचारी /चतुर्थ श्रेणी संवर्ग सहित केंद्रीयत/अकेंद्रीयत सेवा के विभिन्न संवर्गो में रिक्त पदों पर नियमित नियुक्तियों किए जाने के संबंध में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र के माध्यम से मांग की गई है।

संघ के अध्यक्ष आनन्द वर्मा ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र के माध्यम से अनुरोध करते हुए कहा है कि प्रदेश की निकाय सेवा आदेश-1962 के अनुरूप संचालित की जा रही है। निकाय की आबादी एवं कार्यक्षेत्र वर्ष 1962 में सीमित थे। निकायो की आबादी एवं कार्य क्षेत्र का 62 वर्षों में अत्यधिक व्यापक रूप से विस्तार हुआ है जिस कारण आज के परिवेश के अनुरूप सेवा आदेश 1962 में संशोधन करते हुए निकायों की बड़ी हुई आबादी एवं बड़े हुए कार्य क्षेत्र, कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति उपरांत प्रदेश की निकायों में सफाई कर्मचारी/चतुर्थ श्रेणी संवर्गो सहित केंद्रीयत/अकेंद्रीयत सेवा के संवर्गो में अधिकांश रिक्त पद है, जिस पर कई वर्षों से नियमित नियुक्तियां ना होने के कारण उत्तर प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजना का लाभ सरकार की मंशा के अनुरूप नागरिकों को सुगमता के साथ प्राप्त करने में तथा विभागीय कार्यों के संपादन में निकायों को अत्यंत ही कठिनाइयों का होना स्वाभाविक है।

# अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर बाल श्रम उन्मूलन के प्रति जन जागरण हेतु गोष्ठी का आयोजन

**सबसे तेज प्रयागराज**



**गाजियाबाद। कार्यालय उप** श्रम आयुक्त उ०प्र० गाजियाबाद में अनुराग मिश्र, उप श्रम आयुक्त गाजियाबाद क्षेत्र गाजियाबाद की अध्यक्षता में अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर बाल श्रम उन्मूलन के प्रति जन जागरण हेतु गोष्ठी का आयोजन किया गया।

उक्त गोष्ठी में तरूणा सिंह, प्रभारी निरीक्षक ए०एच०टी०यू०, गाजियाबाद,शोभित बजाज, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर, चाइल्ड लाइन गाजियाबाद, रिजवान अली, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर, सहयोग केयर फॉर यू०. नीलम वैश्य, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर, एक्शन ऐड नई पहल, कृष्ण सिंह, कोषाध्यक्ष, सेन्ट्रल ऑफ ट्रेड यूनियन्स, जनपद गाजियाबाद, कुंजलता कौशिक, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, हिन्द मजदूर सभा, गाजियाबाद, संदीप कुमार सिंह, डा० रूपाली, हंस राज, श्रम प्रवर्तन अधिकारी,वीरेन्द्र कुमार एवं एस० बी० सरोज,सहायक श्रम आयुक्त उ०प्र० गाजियाबाद एवं अन्य उपस्थित होकर बाल,किशोर श्रम के विरूद्ध शपथ ग्रहण की तथा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

उक्त गोष्ठी कार्यक्रम में उपस्थित कृष्ण सिंह, कोषाध्यक्ष द्वारा बाल श्रम कर रहे बच्चों की सामाजिक स्थिति एवं आर्थिक स्थिति पर विचार रखा गया तथा बाल रमिक के परिवार के आर्थिक स्थिति के कारणों पर चर्चा की गयी।

बाल श्रम निषेध के साथ-साथ शपथ पर अमल किये जाने का विचार रखा गया।

तरूणा सिंह, प्रभारी निरीक्षक, ए०एच०टी०यू०, कमिश्नरेट, गाजियाबाद द्वारा बाल श्रम अभियान में सम्बन्धित विभागों को टीम भावना के साथ कार्य किये जाने के सम्बन्ध में चर्चा की गयी।

नीलम वैश्य एवं रिजवान अली, डिस्ट्रिक कोऑर्डिनेटर द्वारा बाल श्रमिक विद्या योजना में लाभ पा रहे लाभाथीर्यों की स्थिति से अवगत कराया गया तथा बाल श्रमिकों के प्रवर्तन के संबंध में अवगत कराया गया।

डा० रूपाली, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, गाजियाबाद द्वारा बाल श्रमिकों के नियोजन के संबंध में उनके परिवार की स्थिति के संबंध में चर्चा की गयी तथा बाल,किशोर श्रमिको के चिन्हांकन, अवमुक्तिकरण, पुर्नवासन एवं अनुवर्ती कार्यवाही के संबंध में शीघ्रता एवं समयबद्धता पर चर्चा की गयी।

संदीप कुमार सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा बाल श्रमिक विद्या योजना की जानकारी दी गयी तथा बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 यथा संशोधित 2016 के मुख्य बिन्दुओ से अवगत कराया गया।

# पुलिस की हत्थे चढ़े दो वारंटी भेजे गए जेल



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों तथा वाछिंत अभियुक्तों/वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बरवापट्टी पुलिस द्वारा वारण्टी बाबूराम पुत्र गणेश साकिन चौबेया पटखौली लाला टोला थाना बरवापट्टी जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार किया ।

थाना अहिरौली बाजार पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त रामसंवारे पुत्र श्री रामअधार सा0 लोहाझार थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



# दुष्कर्म के 2 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया





**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर मंझनपुर और सैनी कोतवाली पुलिस दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे एक-एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक सैनी जयचंद कुमार शर्मा के निर्देश पर चौकी प्रभारी अझुवा अरुण कुमार मौर्य अपने हमराहियों के साथ वांछित आरोपियों की तलाश कर रहे थे इसी बीच मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के एक नाबालिक किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे वांछित अभियुक्त शिवम सोनकर पुत्र प्रेमचन्द्र उर्फ नाकुस नि0 निगाह मवई थाना महेवाघाट जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया ।

मंझनपुर पुलिस उ0नि0 संजय राय मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त नीरज कुमार मौर्य पुत्र मानिकचन्द नि0 देवखरपुर थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## जिला प्रोबेशन अधिकारी को किया जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी नामित

**गाजियाबाद। महिला** कल्याण उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र संख्या सी-568 दिनांक 11.06.2024 के क्रम में सूचित किया जाता है कि दहेज प्रतिषेध नियमावली, 1999 के द्वारा जिला प्रोबेशन अधिकारी को जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी नामित किया गया है।

दहेज प्रतिषेध नियमावली धारा 10 में उल्लेख है कि विवाह में पक्षकारों द्वारा उपहारों की सूची को प्रस्तुत करना किसी विवाह में पक्षकारों या माता-पिता में से कोई या उनमें से किसी के द्वारा दहेज प्रतिषेध अधिकारी को विवाह के दिनांक से एक माह के भीतर दहेज प्रतिषेध (वर वधू भेट सूची) नियम, 1985 (डावरी प्राहिबिशन, मेन्टेनेंस आफ लिस्ट्स) (प्रजेट टू दी ब्राइड एण्ड ब्राइडग्रुम)) रूल 1985 के अनुसार की गई उपहारों की सूचना प्रस्तुत की जायेगी।

अतः जनपद में होने वाले समस्त विवाहों (पंजीकृत व अपंजीकृत) में दोनो पक्षकारों की ओर से हस्ताक्षरित सूची जिला प्रोबेशन अधिकारी जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत की जायेगी।

## विकास खण्ड बांसडीह के खण्ड विकास अधिकारी के जीप चालक की मौत

**सबसे तेज प्रयागराज**

**सिकन्दरपुर,बलिया। विकास** खण्ड बांसडीह पर तैनात खण्ड विकास अधिकारी के जीप चालक की अपने घर पहुँचते ही मौत हो गई,घटना के बाद पूरे परिवार में मातम पसरा है, वहीं अचानक हुई उनकी मौत से उनके दोस्तों व सगे संबंधियों को विश्वास नहीं हो रहा है,कि उनका प्रिय अब उनके बीच नहीं रहा।घटना गुरुवार की है जहाँ सिकन्दरपुर तहसील अंतर्गत स्थानी कस्बा के मोहल्ला मिल्की निवासी मोहम्मद कुयुम खान (59)पुत्र स्व.अजीज खान विकास खण्ड बांसडीह पर,खण्ड विकास अधिकारी के जीप चालक के तौर पर तैनात थे,रोजाना की तरह गुरुवार को भी वह बखूबी अपनी ड्यूटी पर गए हुए थे,तथा जब देर शाम को वह अपने घर ड्यूटी से वापस पहुंचे तो अचेत होकर जमीन पर गिर पड़े,अचानक उनकी इस हालत को देखकर पूरे परिवार में अफरा तफरी का माहौल बन गया,वही तत्काल परिजनों द्वारा उन्हें स्थानीय सीएचसी के चिकित्सक को दिखाया गया,जिसके बाद गहनता से जांच करने के बाद चिकित्सक द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

# नगर निगम अधिकारियों को पूर्वी विधानसभा के विधायक ने लगाई जमकर फटकार, बदहाल व्यवस्था

**सबसे तेज प्रयागराज**

**लखनऊ। पूरब विधानसभा** के नवनिर्वाचित विधायक ओपी श्रीवास्तव ने जीतने के तत्काल बाद जहाँ स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए व्हाट्सप्प नंबर जारी करने की पहल की, वहीं शुक्रवार से वो अपनी विधानसभा के वार्डों में जनसमस्याओं को स्वयं अपनी आंखों से देखने निकले। समस्याओं को देख नगर निगम अधिकारीयों को फटकार लगाई और 15 दिनों में स्थिति में परिवर्तन हो जाने की चेतावनी भी दी। इस दौरान उनके साथ नगर निगम जोन -7 के अधिकारी भी मौजूद रहे।

निरिक्षण के दौरान वो सबसे पहले मैथलीशरण वार्ड में अग्रवाल प्लाजा पर गंदगी से पटे नाले पर पहुंचे। उन्होंने नगर निगम अधिकारीयों से बरसात से पहले उसे साफ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारीयों से नाले भी बदहाल स्थिति देख कहा ये स्थिति रही तो एक घंटे की बरसात में जलभराव इतना बढ़ जायेगा की लोगों का घरों से निकलना दूभर हो जायेगा। उन्होंने नगर निगम अधिकारीयों से कहा की आपके सफाई कर्मी कहीं नहीं दिख रहे। छेत्र की सफाई में बदहाल स्थिति हैं। इसको तत्काल सही करा ले नहीं तो करवाई के लिए तैयार रहें। इसके बाद इंदिरानगर सी -1347/5 के सामने पार्क के चारों तरफ और पार्क के अंदर कूड़े के ढ़ेर पर अधिकारीयों को फटकार लगाई।इस्माइलगंज वार्ड के पटेल नगर पहुंचे यहां लोकनाथ गेस्ट हॉउस के सामने लोगों ने उनको नाले में गंदगी और हर साल होने वाले जलभराव की समस्या बताई जिसपर उन्होंने जोनल अधिकारी को तत्काल सफाई कार्य शुरू कराने के आदेश दिए।




गंदगी से पटे सेतुआ तालाब को देख नाराज विधायक ने अधिकारीयों को जमकर फटकार लगाई। पटेल नगर में बरसात से पहले नालों की सफाई, सतुआ तालाब की सम्पूर्ण स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं इसमें आवागमन को जनसुलभ बनाकर आम लोगों के लिए जनउपयोगी बनाने के भी निर्देश दिए। विभिन्न स्थानों पर गंदगी, कूड़े के ढ़ेर तथा जल निकासी की समस्या दिखने पर तत्काल नगर निगम अधिकारियों को समस्या के निराकरण एवं सफाई के सख्त निर्देश देने के साथ-साथ 15 दिनों में स्थिति में बदलाव लाने की भी चेतावनी दी। खुले नालों पर पत्थर डलवाने को भी कहा। कहा उनके पास दोबारा इन इलाकों से शिकायत नहीं आनी चाहिए।

# तहसील खड्डा पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम एसपी ने सुनी जनता की फरियाद







**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर।** डीएम उमेश मिश्रा व पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल द्वारा शनिवार को तहसील खड्डा पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके।

इसी प्रकार कसया में एएसपी अभिनव त्यागी, और एएसपी रितेश कुमार सिंह ने पडरौना तहसील में जनसुनवाई कर निस्तारण का निर्देश दिया।

# उत्तर प्रदेश नगर निगम महिला अधिकारी एवं कर्मचारी संघ आम सभा

**सबसे तेज प्रयागराज**



**लखनऊ। उत्तर प्रदेश नगर** निगम महिला अधिकारी एवं कर्मचारी संघ की आम सभा आहूत की गई। सभा में उत्तर प्रदेश महिला महिला अधिकारी एवं कर्मचारी संघ मे नगर निगम लखनऊ से प्रत्येक जोन से महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उत्साह से भाग लिया गया।

बैठक में सभी सदस्यों के उद्धबोधन में संगठन की अध्यक्ष अंबी बिष्ट को इस अभिनव प्रयास के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया साथ ही अध्यक्ष द्वारा संगठन की महिलाओं को आशा की किरण के साथ अपने कार्यशैली में सुधार लाने की प्रेरणा भी मिली। संघ की अध्यक्ष अंबी बिष्ट मुख्य कर निर्धारण अधिकारी द्वारा सभी सदस्यों को अपने कार्य के प्रति निष्ठा एवं निडर हो कर कार्य करने को प्रोत्साहित किया गया। अध्यक्ष द्वारा समय समय पर सभी सदस्यों को पूर्व में भी अपने कार्य के प्रति समर्पित रहने के साथ साथ अपने पारिवारिक उत्तरदायित्वों को संभालने की भूमिका को प्रोत्साहित करते हुए सराहना की गई। सभी सदस्यों को एक दूसरे की शक्ति एवं एकता से चलने की प्रेरणा दी। सभा में सदस्यों द्वारा स्वास्थ्य शिविर के आयोजन करने की मांग रखी गई । सभी की सहमति से उत्तर प्रदेश नगर निगम महिला अधिकारी एवं कर्मचारी संघ द्वारा उक्त मांग की सराहना करते सहमति प्रदान करी गई।

# कियारा आडवाणी

## ने इंडस्ट्री में पूरा किया 10 साल शानदार सफर, बोलीं- सेलिब्रेशन तो बनता है...



10 साल पहले फिल्म फुगली को रिलीज किया गया था। इस मूवी को अक्षय कुमार और सलमान खान के टाइटल सॉन्ग और बॉक्सर विजेंद्र सिंह के लिए याद किया जाता है। लेकिन इस मूवी के जरिए एक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने भी एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था।
डेब्यू फिल्म फुगली में अपनी शानदार अदाकारी से हर किसी का दिल जीतने वालीं कियारा ने अब इंडस्ट्री में 10 साल का सफर तय कर लिया है। इस खास का मौके का जश्न कियारा आडवाणी ने फैंस के साथ मनाया है और लेटेस्ट तस्वीरों को सोशल मीडिया पर साझा किया है।

**कियारा ने मनाया 10 साल का जश्न**

शुक्रवार को कियारा आडवाणी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट तस्वीरों को





शेयर किया है। कियारा ने ये तस्वीरें हिंदी सिनेमा में उनके 10 साल के शानदार सफर के पूरा होने के उपलक्ष्य में साझा की हैं। फोटोज में आप देख सकते हैं कि अपने फैंस के साथ एक्ट्रेस इस खास अवसर को सेलिब्रेट कर रही हैं।
पोस्ट में कियारा की एक से बढ़कर एक तस्वीर मौजूद है, जो वाकई देखने लायक हैं। करियर के इस अहम पड़ाव को पार करने की खुशी अदाकारा के चेहरे पर साफ झलक रही है। कियारा आडवाणी ने इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा है- 10 साल का सेलिब्रेशन तो बनता है। आलम ये है कि अब सोशल मीडिया पर उनकी इन फोटोज को काफी पसंद किया जा रहा है। बता दें कि अपने एक दशक के फिल्मी करियर में वह एम एस धोनी- द अनटोल्ड स्टोरी, कबीर सिंह, गुड न्यूज और शेरशाह जैसी कई हिट मूवीज दे चुकी हैं।

**इन फिल्मों में दिखेंगी कियारा आडवाणी**

आने वाले समय में कियारा आडवाणी कई बड़ी फिल्मों में नजर आने वाली हैं। जिनमें रणवीर सिंह स्टारर डॉन 3 का नाम भी शामिल है। इसके अलावा साउथ सुपरस्टार राम चरण के साथ कियारा फिल्म गेम चेंजर में दिखाई देंगी, जोकि इसी साल रिलीज होगी।

## ये खतरनाक होता जा रहा है... आलिया भट्ट का एक और डीपफेक वीडियो हुआ वायरल तो फैन्स को हुई फिक्र



मौजूदा समय में टेक्नोलॉजी की एडवांसमेंट और ह्ल का आगमन एक अलग ही रिवॉल्युशन लेकर आया है. ऐसे में इसके कई सारे अच्छे प्रयोग तो देखने को मिल रहे हैं साथ ही कई सारे साइड इफेक्ट्स भी सामने आ रहे हैं. इन्हीं में से एक बला है डीपफेक वीडियो. इससे पार पाना बेहद मुश्किल बन पड़ा है. खासकर कि लोगों के बीच पॉपुलैरिटी हासिल करने वाले स्टार्स इसका सॉफ्ट टारगेट बने हैं. और आलिया भट्ट के साथ तो कुछ समय में ही ऐसा दूसरी बार हो गया है. उनका एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसे फैन्स डीपफेक बता रहे हैं और चिंता जता रहे हैं.हाल ही में वायरल हुए वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे एक्ट्रेस ब्लैक कलर के चिकन कुर्ते में हैं और कान में झुमके लगाती नजर आ रही हैं. उनका ये लुक तो बढ़िया लग रहा है लेकिन आलिया के फैन्स इस गफलत में नहीं आए. वे झट से समझ गए कि मामला डीपफेक है. इस डीपफेक वीडियो पर फैन्स के बहुत रिएक्शन भी आ रहे हैं और लोग आलिया भट्ट को लेकर कन्सर्न्ड नजर आ रहे हैं. एक शख्स ने कमेंट करते हुए लिखा-ह्ल तो आए दिन खतरनात होता जा रहा है. एक दूसरे शख्स ने लिखा- ये एआई जनरेटेड आलिया भट्ट है. एक अन्य शख्स ने तो हद ही कर दी. उसने लिखा- ये तो आलिया भट्ट जैसी दिख रही है. इसके अलावा जो लोग इसे ह्ल जनरेटेड वीडियो नहीं समझ पा रहे हैं वे आलिया की तारीफ करते नजर आ रहे हैं.

**इससे पहले भी हुआ ऐसा**

आलिया के साथ ये पहला मौका नहीं है जब उनका डीपफेक वीडियो सामने आया हो. एक्ट्रेस का एक और वीडियो कुछ समय पहले आया था जो ए आई जनरेटेड था. इस वीडियो में उनका चेहरा जुबली वेब सीरीज की एक्ट्रेस वामिका गब्बी से मॉर्फ्ड किया गया था. रेड साड़ी में वामिका की एक फोटो थी जिसमें आलिया का चेहरा लगाया गया था. इसपर भी फैन्स ने नाराजगी जताई थी और चिंता व्यक्त की थी. फिलहाल इस वीडियो पर अभी तक आलिया की ओर से कोई भी प्रतिक्रिया नहीं आई है.

## 'गुम है किसी के प्यार में' को लगा झटका, टॉप 10 में शामिल हुआ विक्की-अंकिता का शो



क्क्ष्ट के 23 वें हफ्ते की टीआरपी रिपोर्ट में हमेशा की तरह कई टीवी शो डिस्टिंक्शन के साथ पास हुए हैं. लेकिन हाल ही में कलर्स टीवी पर लॉन्च हुए 'लाफ्टर शेफ' ने ये साबित कर दिया है कि रियलिटी शो भी सास-बहू ड्रामा को कड़ी टक्कर दे सकते हैं. 'लाफ्टर शेफ' को हरपाल सिंह खोकी और भारती सिंह होस्ट कर रहे हैं. अंकिता लोखंडे-विक्की जैन, करण कुंद्रा-अर्जुन बिजलानी से लेकर राहुल वैद्य-अली गोनी तक ये तमाम सेलिब्रिटी जोड़ियां इस कुकिंग रियलिटी शो में बतौर कंटेस्टेंट शामिल हुई हैं.कुकिंग में कॉमेडी का तड़का लगाने वाले 'लाफ्टर शेफ' ने पहले ही हफ्ते 1.4 की रेटिंग के साथ सीधे टॉप 10 में एंट्री की है. फिलहाल ये शो टीआरपी के रिपोर्ट कार्ड पर आठवें स्थान पर है. और हमेशा की तरह रुपाली



गांगुली का 'अनुपमा' 2.3 की रेटिंग के साथ नंबर वन पर बना हुआ है. सीरियल में चल रहे शादी के सेलिब्रेशन के बाद भी न तो राजन शाही के इस शो की टीआरपी बढ़ रही है, न ही कम हो रही है. हालांकि ये हफ्ता राजन शाही के लिए एक खुशखबरी लेकर आया है. उनके दोनों शो टीआरपी चार्ट पर टॉप 2 शो बन गए हैं.

**'गुम है किसी के प्यारज्' को लगा झटका**

2.1 की रेटिंग के साथ 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' ने 23वें हफ्ते के टीआरपी चार्ट पर सीधे दूसरे नंबर पर छलांग लगा दी है. इ्क्रय॥ के दूसरे नंबर पर आने की वजह से स्टार प्लस का 'गुम है किसी के प्यार में' अब तीसरे नंबर पर आ चुका है. यानी इस शो में आने वाले 20 साल के लीप की बात दर्शकों को खास पसंद नहीं आई. और इसलिए एक्टर्स के साथ-साथ दर्शक भी स्टार प्लस के इस मशहूर शो का साथ छोड़ते हुए नजर आ रहे हैं. फिलहाल 'गुम है किसी के प्यार में' की टीआरपी 2 है. हमेशा की तरह 1.9 के साथ 'झनक' चौथे और 1.7 के साथ 'उड़ने की आशा' 5वें स्थान पर बने हुए हैं.



# कंगना रनौत

## के घर बजने वाली है शहनाई, सगाई की तस्वीरें शेयर कर अभिनेत्री बोलीं- शादी की सबसे जल्दी...

कंगना रनौत के घर एक और खुशी दस्तक देने वाली है। हाल ही में अभिनेत्री हिमाचल प्रदेश के मंडी से सांसद बनी हैं। वहीं, अब उनके घर शादी की शहनाई बजने वाली है। अभिनेत्री ने खुद ये गुड न्यूज शेयर की है। इसके साथ ही कंगना रनौत ने सगाई की भी तस्वीरें शेयर की हैं।ंगना रनौत अपनी लगभग हर अपडेट सोशल मीडिया के जरिए फैंस के साथ शेयर करती हैं। अब उन्होंने अपने घर में होने वाली शादी को लेकर जानकारी दी है।

**कंगना के घर बजेगी शहनाई**

कंगना रनौत हाल ही में एक फैमिली फंक्शन में शामिल हुईं। जहां से अभिनेत्री ने कई सारी फोटो भी शेयर की है। कंगना रनौत के छोटे भाई घोड़ी चढ़ने वाले हैं। हाल ही में उनकी सगाई हुई है। जहां अभिनेत्री भी शामिल हुईं। कंगना रनौत ने सगाई से कपल और अपनी फोटो इंस्टा स्टोरी में पोस्ट की है और इसके साथ ही मजेदार कैप्शन भी लिखा।

**कंगना शेयर की सगाई की तस्वीरें**

कंगना रनौत ने सगाई की लगभग चार फोटो पोस्ट की है। पहली तस्वीर रिंग सेरेमनी की है। इसके साथ कैप्शन में अभिनेत्री ने कहा, ले भाई तेरा भी हो गया काम, सबसे छोटा है, लेकिन शादी की सबसे जल्दी। वहीं, दूसरी फोटो कपल की शेयर की, जबकि तीसरी फोटो में कंगना खुद भी भाई और भाभी के बीच में बैठी हुई नजर आई। वहीं, तीसरे फोटो अभिनेत्री परिवार के साथ दिखाई दीं।

**कंगना का देसी लुक**

कंगना रनौत भाई की सगाई के लिए सिंपल, लेकिन खूबसूरत आउटफिट चुना। एक्ट्रेस ने व्हाइट कलर का गोल्डन बॉर्डर वाला लंहगा सेट कैरी किया। मिनिमल मेकअप और बालों को जूड़ा बनाए कंगना रनौत बेहद प्यारी लगीं।

**कंगना का थप्पड़ कांड**

कंगना रनौत उन सेलिब्रिटीज में शामिल हैं, जो हमेशा चर्चा में बने रहते हैं। हाल ही में उन्होंने थप्पड़ कांड को लेकर खूब ध्यान खींचा था। लोकसभा चुनाव 2024 में अपनी जीत दर्ज करने के बाद कंगना संसद जाने के लिए चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर पहुंची थीं, जहां से उन्हें दिल्ली के लिए फ्लाइट पकड़नी थी, लेकिन सिक्योरिटी चेकिंग के दौरान ष्टढ्ढस्स्न कांस्टेबल कुलविंदर कौर ने उन्हें थप्पड़ मार दिया।

## फिलीपींस में सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत



एजेंसी

**मनीला।** मध्य फिलीपींस के नेग्रोस ऑक्सिडेंटल प्रांत में सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई और 34 अन्य घायल हो गये। बैकोलोड सिटी आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन कार्यालय की प्रमुख मारिया लार्नी पोर्नन ने शनिवार को बताया कि दुर्घटना स्थानीय समयानुसार शाम करीब 05:40 बजे तब हुई, जब सरकारी बस अनियंत्रित होकर पलट गयी। बस में चालक सहित 36 लोग सवार थे। इनमें से एक महिला (40) की मौत हो गयी और 34 लोग घायल हो गये। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसमें 11 लोगों की हालत गंभीर बतायी गयी है।

## रामफोसा दोबारा दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति निर्वाचित



**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका की सत्तारुढ़ अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) के नेता सिरिल रामफोसा को संसद ने अगले पांच साल के लिए दोबारा राष्ट्रपति चुन लिया है। मुख्य न्यायाधीश रेमंड जोडो ने नेशनल असेंबली की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हुए घोषणा की कि राष्ट्रपति चुनाव में श्री रामफोसा को 283 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंदी इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स के उम्मीदवार जूलियस मालेमा को महज 44 वोट मिले। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इससे पहले एएनसी और मुख्य विपक्षी दल डेमोक्रेटिक अलायंस (डीए), राष्ट्रीय एकता की सरकार बनाने के लिए एक समझौते पर पहुंचे और समझौते के हिस्से के रूप में श्री रामफोसा को डीए के समर्थन से फिर से चुने जाने की उम्मीद थी। गत 29 मई को हुए आम चुनावों में एएनसी ने नेशनल असेंबली की 400 सीटों में से 159 सीटें हासिल कीं। पिछले 30 साल में पहली बार संसद के निचले सदन में उसे पूर्ण बहुमत नहीं मिला है।

## घाना में नाव पलटने से तीन लोग लापता

**अकरा।** घाना के पूर्वी ओटी क्षेत्र में नाव के पलट जाने के बाद से तीन लोग लापता होने की घटना सामने आयी है जिनका पता लगाने के लिए खोज और बचाव अभियान जारी है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संगठन के ओटी क्षेत्रीय निदेशक एडवर्ड कुमाह ने बताया कि मंगलवार की देर रात एक द्वीप समुदाय नजारे के 10 लोगों को ले जा रही नाव तूफान में फंसकर नाव पलट गयी।

## पापुआ न्यू गिनी ने राहत सहायता भेजने पर भारत का किया हार्दिक धन्यवाद

**पोर्ट मोरेस्बी।** भूस्खलन प्रभावित पापुआ न्यू गिनी को भारत की ओर से भेजी गयी 10 लाख अमेरिकी डॉलर की राहत सहायता पोर्ट मोरेस्बी हवाई अड्डे पर पहुंची, जहां उपस्थित पापुआ न्यू गिनी के विदेश एवं रक्षा मंत्रियों सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने सहायता के लिए भारत का आभार व्यक्त किया। पोर्ट मोरेस्बी में भारतीय उच्चायोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय उच्चायुक्त इनबासेकर एस ने विदेश मंत्री जस्टिन तकाचेंको को राहत सामग्री सौंपी। उसने कहा, एंगा प्रांत में भूस्खलन के पीड़ितों के लिए भारत से 10 लाख अमेरिकी डॉलर की एचएडीआर राहत सहायता पोर्ट मोरेस्बी हवाई अड्डे पर पहुंची, जिसे पापुआ न्यू गिनी के विदेश मंत्री तकाचेंको और रक्षा मंत्री बिली जोसेफ सहित कई गणमान्य अधिकारियों ने प्राप्त किया। उच्चायुक्त इनबासेकर एस. ने राहत सामग्री श्री तकाचेंको को सौंपी, जिन्होंने समय पर मदद के लिए भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर को बधाई दी। राहत सामग्री जल्द ही वाबाग भेजी जाएगी। विश्वबंधु सक्रिय हैं। विदेश मंत्री जस्टिन तकाचेंको ने इस कदम के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, डॉ. जयशंकर और भारत के लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ÷श्री मोदी, डॉ. जयशंकर, पापुआ न्यू गिनी में भारतीय उच्चायोग और भारत के लोगों को धन्यवाद। हम सुनिश्चित करेंगे कि भूस्खलन से तबाह हुए मैप मुलीताका क्षेत्र, एंगा प्रांत के लिए भारत की 10 लाख अमेरिकी डॉलर की राहत सहायता हमारे लोगों तक पहुंचे। भारत को दिल की गहराइयों से धन्यवाद। भारत ने भूस्खलन प्रभावित पापुआ न्यू गिनी को टेंट, पानी के टैंक, स्वच्छता किट, खाने के लिए तैयार भोजन और दवाइयों सहित 19 टन राहत सामग्री भेजी। सहायता में आपातकालीन उपयोग की दवा, डेंगू और मलेरिया निदान किट सहित चिकित्सा उपकरण, शिशु आहार आदि भी शामिल हैं। पापुआ न्यू गिनी के एंगा क्षेत्र में 24 मई को भारी भूस्खलन हुआ, जिसमें 2,000 से अधिक लोग जिंदा दफन हो गए।

# मोदी ने मेलोनी और किशिदा के साथ द्विपक्षीय बैठक की

एजेंसी

**अपुलिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ द्विपक्षीय बैठक की तथा जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ से भी मुलाकात की।

सुश्री मेलोनी के साथ अपनी बैठक के बारे में श्री मोदी ने एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। जी-7 शिखर सम्मेलन का हिस्सा बनने के लिए भारत को आमंत्रित करने और शानदार व्यवस्थाओं के लिए उनका धन्यवाद किया। हमने वाणिज्य, ऊर्जा, रक्षा, दूरसंचार तथा अन्य क्षेत्रों में भारत-इटली संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों देश जैव ईंधन, खाद्य प्रसंस्करण और महत्वपूर्ण खनिजों जैसे भविष्य के क्षेत्रों में एक साथ काम करेंगे। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि सुश्री मेलोनी ने श्री मोदी को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए बधाई दी। श्री मोदी ने जी-7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में भाग लेने के वास्ते







निमंत्रण देने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और शिखर सम्मेलन के सफल समापन के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त की। दोनों नेताओं ने नियमित उच्च राजनीतिक संवाद पर संतोष व्यक्त किया और भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की। बढ़ते व्यापार और आर्थिक सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने लचीली आपूर्ति श्रृंखला बनाने के लिए स्वच्छ ऊर्जा, विनिर्माण, अंतरिक्ष, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, दूरसंचार, एआई और महत्वपूर्ण खनिजों में वाणिज्यिक संबंधों का विस्तार करने का आह्वान किया। बयान के मुताबिक दोनों नेताओं ने पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क पर सहयोग के लिए हाल ही में औद्योगिक संपत्ति अधिकार (आईपीआर) पर एमओयू पर हस्ताक्षर करने का स्वागत किया। उन्होंने इस साल के अंत में इतालवी विमानवाहक पोत आईटीएस कैवूर और प्रशिक्षण जहाज आईटीएस वेस्पुची की भारत यात्रा का स्वागत किया। श्री मोदी ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इटली के अभियान में भारतीय सेना के योगदान को मान्यता देने के लिए इतालवी सरकार को धन्यवाद दिया और कहा कि भारत इटली के मोंटोन में यशवंत घाडगे स्मारक का उन्नयन करेगा। बयान में कहा गया कि 'वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन' के तहत समन्वय को ध्यान में रखते हुए दोनों नेताओं ने ऊर्जा संक्रमण में सहयोग के लिए आशय पत्र पर हस्ताक्षर करने का स्वागत किया, जो स्वच्छ और हरित ऊर्जा में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देगा। उन्होंने विज्ञान और प्रौद्योगिकी में संयुक्त अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए 2025-27 के लिए सहयोग के नये कार्यक्रम पर प्रसन्नता व्यक्त की। बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे सहित वैश्विक मंचों और बहुपक्षीय पहलों में सहयोग को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की।

## पश्चिमोत्तर पाकिस्तान में 02 आतंकवादी मारे गए

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में मुठभेड़ के दौरान दो आतंकवादी मारे गए, जिनमें से एक पहले से ही पुलिस हिरासत में था। पाकिस्तान के आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी) ने यह जानकारी दी। सीटीडी ने बताया कि मुठभेड़ प्रांतीय राजधानी पेशावर में हुई। सीटीडी के मुताबिक पुलिस ने जांच प्रक्रिया के दौरान बंदी द्वारा दी गई





जानकारी के आधार पर एक ठिकाने पर छापा मारा। बयान में कहा गया, 'सीटीडी जांच दल अभियान दल के साथ मिलकर आरोपी को उसके साथियों के ठिकाने पर लेकर गया, जहां वे पहले से ही उसके साथी सतर्क थे और उन्होंने पुलिस पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।' विभाग ने कहा कि सीटीडी कर्मियों ने तुरंत स्थिति संभाली और आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी की। इस दौरान दोनों ओर से लगभग 25 से 30 मिनट तक गोलीबारी हुयी। गोलीबारी में एक आतंकवादी और बंदी मारे गए। शेष आतंकवादी घटनास्थल से भाग गए और पुलिस ने ठिकाने से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है।

## मोदी जी7 शिखर सम्मेलन समापन के बाद भारत के लिए रवाना हुए

एजेंसी

**अपुलिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी7 शिखर सम्मेलन के लिए इटली की सफल यात्रा के बाद आज भारत के लिए रवाना हो गए, इस दौरान उन्होंने आउटरीच शिखर सम्मेलन में भाग लिया और कई विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं।

श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट किया, अपुलिया में जी7 शिखर सम्मेलन में बहुत ही उपयोगी रहा। विश्व नेताओं से बातचीत की और विभिन्न विषयों पर चर्चा की। साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य ऐसे प्रभावशाली समाधान तैयार करना है जिससे वैश्विक समुदाय को लाभ हो और भावी पीढ़ियों के लिए एक बेहतर दुनिया का निर्माण हो।

प्रधानमंत्री ने कहा, मैं इटली के लोगों और सरकार को उनके गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए धन्यवाद देता हूं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने एक पोस्ट में कहा कि इस यात्रा से शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले देशों के



साथ भारत की साझेदारी गहरी हुई है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई दिल्ली के लिए उड़ान भरने के साथ ही इटली की सफल यात्रा संपन्न हुई। इस यात्रा में जी7 मंच के तहत प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर सार्थक बातचीत हुई और शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले देशों के साथ भारत की साझेदारी गहरी हुई।

प्रधानमंत्री मोदी ने अन्य भाग लेने वाले नेताओं के साथ जी7 में एक ग्रुप फोटो भी खिंचवाया है।भू-मालिक को स्वयं सत्यापित शपथ पत्र देना होगा, जिससे उन्हें संपत्ति बेचने का अधिकार मिल जाएगा, इस तरह की 6,85,000 संपत्तियों को लाभ मिलेगा।

## मोदी ने बाइडेन सहित दुनिया के विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों से की मुलाकात

एजेंसी

**अपुलिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी 7 शिखर सम्मेलन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान, तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन और ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा से मुलाकात की।

श्री मोदी ने एक्स पर कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो के साथ गर्मजोशी से बात करते हुए अपनी एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा, जी 7 शिखर सम्मेलन में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से मुलाकात की।

वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के साथ अपनी बैठक को उन्होंने पोस्ट किया, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से मिलना हमेशा खुशी की बात होती है। भारत और अमेरिका वैश्विक भलाई को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे।

संरा महासचिव के साथ अपनी





बैठक के बारे में उन्होंने पोस्ट किया, इटली में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मिलकर प्रसन्नता हुई। उन्होंने एक्स पर ब्राजील के राष्ट्रपति, यूएई के राष्ट्रपति और तुर्की के राष्ट्रपति के साथ एक समूह में बातचीत की तस्वीरें भी पोस्ट की है और लिखा, इटली में बातचीत जारी है...राष्ट्रपति लूला, राष्ट्रपति एदोर्गन और महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद के साथ सुखद बातचीत। उन्होंने जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वद्ध से भी मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान किंग अब्दुल्ला द्वद्ध से मुलाकात की। भारत जॉर्डन के साथ मजबूत संबंधों को महत्व देता है।

# मोदी ने जी7 सम्मेलन से इतर पोप से की मुलाकात, गर्मजोशी से गले मिले

एजेंसी

**अपुलिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली में जी7 से इतर पोप फ्रांसिस से मुलाकात की और इस दौरान वे पोप के साथ गर्मजोशी से गले मिले तथा पोप फ्रांसिस को भारत आने का न्योता भी दिया। श्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जी7 शिखर सम्मेलन के मौके पर पोप फ्रांसिस से मुलाकात की। मैं लोगों की सेवा करने और हमारे ग्रह को बेहतर बनाने के लिए उनकी प्रतिबद्धता की प्रशंसा करता हूं। साथ ही उन्हें भारत



आने का न्योता भी दिया। गौरतलब है कि पोप स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण व्हीलचेयर का उपयोग कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोप से मुलाकात के दौरान की कुछ तस्वीरें साझा की है, जिसमें पोप मुस्कुराते हुए श्री मोदी का अभिवादन कर रहे हैं और भारतीय प्रधानमंत्री से गले मिलने के लिए अपनी बाहें आगे बढ़ाते नजर आ रहे हैं। इसके बाद दोनों ने गर्मजोशी से गले मिले। श्री मोदी की पोप से यह दूसरी मुलाकात है। इससे पहले श्री मोदी ने अक्टूबर 2021 में वेटिकन के अपोस्टोलिक पैलेस में एक निजी कार्यक्रम के दौरान पोप फ्रांसिस से मुलाकात की थी।

## शहबाज शरीफ ने मौलाना फजलुर रहमान को सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल होने का दिया न्योता

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने पूर्व सहयोगी जेयूआई-एफ प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा बनने और देश में राजनीतिक गतिरोध को दूर करने में भूमिका निभाने के लिए आमंत्रित किया है। समाचार पत्र 'डॉन' की खबर के अनुसार, बिलावल भुट्टो-जरदारी की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और अन्य छोटे दलों के समर्थन से गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे शरीफ ने बृहस्पतिवार को जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (एफ) प्रमुख के आवास पर जाकर उनका हालचाल जाना। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ (72) ने मौजूदा राजनीतिक मुद्दों के समाधान के लिए एक समिति के गठन का भी प्रस्ताव रखा और मौलाना रहमान से सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल होने को कहा। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक सूत्र के हवाले से खबर में कहा गया है कि जेयूआई-एफ नेता को सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल होने और देश में व्याप्त राजनीतिक गतिरोध को दूर करने के लिए प्रस्तावित समिति में भूमिका निभाने को कहा गया है।

# तकनीक का लाभ मानव के सामर्थ्य को बढ़ाने के लिए हो : नरेंद्र मोदी

एजेंसी

**अपुलिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रौद्योगिकी के मानव केन्द्रित विकास पर बल देते हुए आज कहा कि हमारी कोशिश होनी चाहिए कि टेक्नोलॉजी का लाभ सभी वर्गों तक पहुंचे, समाज के हर व्यक्ति के सामर्थ्य को उजागर करे,सामाजिक असमानताओं को दूर करने में मदद करे,और मानवीय शक्तियों को सीमित करने की बजाय उनका विस्तार करे।

श्री मोदी ने यहां जी7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऊर्जा, अफ्रीका और केंद्रित दृष्टिकोण पर आधारित होना होगा। उन्होंने कहा कि इक्कीसवीं सदी टेक्नोलॉजी की सदी है। मानव जीवन का शायद ही कोई ऐसा पहलु



होगा जो टेक्नोलॉजी के प्रभाव से वंचित हो।एक तरफ जहाँ टेक्नोलॉजी मनुष्य को चाँद तक ले जाने का साहस देती है, वहीं दूसरी ओर साइबर सुरक्षा जैसी चुनौतियां भी पैदा करती है। हमें मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि टेक्नोलॉजी का लाभ सभी वर्गों तक पहुंचे,समाज के हर व्यक्ति के सामर्थ्य को उजागर करे,सामाजिक असमानताओं को दूर करने में मदद करे,और मानवीय शक्तियों को सीमित करने की बजाय उनका विस्तार करे। यह केवल हमारी अभिलाषा नहीं, हमारा दायित्व होना चाहिए। हमें टेक्नोलॉजी में एकाधिकार को सर्वाधिकार में बदलना होगा। हमें टेक्नोलॉजी को संहारक नहीं सृजनात्मक रूप देना होगा। तभी हम एक समावेशी समाज की नींव रख सकेंगे। भारत अपनी इस मानव केन्द्रित भावना के जरिए एक बेहतर भविष्य के लिए प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का निर्माण हमारा संकल्प है। हमारी प्रतिबद्धता है कि समाज का कोई भी वर्ग देश की विकास यात्रा में पीछे न छूटे। यह अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के संदर्भ में भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) में भारत राष्ट्रीय रणनीति बनाने वाले पहले कुछ देशों में शामिल है। इसी रणनीति के आधार पर हमने इस वर्ष एआई मिशन लॉन्च किया है जिसका मूल मंत्र है एआई फॉर ऑल। एआई के लिए वैश्विक साझीदारी के संस्थापक सदस्य और नेतृत्वकर्ता के रूप में हम सभी देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा दे रहे हैं। पिछले वर्ष भारत की मेज़बानी में की गई जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान हमने एआई के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय व्यवस्थापन के महत्व पर बल दिया। भविष्य में भी एआई को पारदर्शी, निष्पक्ष, सुरक्षित, सुलभ और जिम्मेदाराना बनाने के लिए हम सभी देशों के साथ मिलकर काम करते रहेंगे।

## मोदी ने यूक्रेन को बातचीत और कूटनीति का रास्ता अख्तियार करने की दी सलाह

एजेंसी

**अपुलिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन को सलाह दी कि वह रूस के साथ शांति स्थापित करने के लिए बातचीत और कूटनीति का रास्ता अपनाये।

यहां जी-7 शिखर सम्मेलन के इतर श्री मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर ज़ेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय मुलाकात के दौरान यह सलाह दोहरायी। श्री मोदी ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में लिखा, ÷राष्ट्रपति श्री ज़ेलेंस्की के साथ बहुत सार्थक बैठक हुई। भारत, यूक्रेन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्सुक है। जारी शत्रुता के संबंध में दोहराया कि भारत मानव-केंद्रित दृष्टिकोण में विश्वास करता है और मानता है कि शांति का रास्ता बातचीत और कूटनीति के माध्यम से है।

श्री मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से भी मुलाकात की और भारत तथा ब्रिटेन के बीच रक्षा संबंध और मजबूत करने पर विचार विमर्श किया। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने श्री मोदी को लोकसभा चुनावों में पुनः जीत हासिल करने के लिए बधाई दी।

श्री मोदी ने 'एक्स'पर लिखा, ÷इटली में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मिलना सुखद रहा। मैंने राजग



सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझीदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। सेमीकंडक्टर, प्रौद्योगिकी और व्यापार जैसे क्षेत्रों में संबंधों को गहरा करने की काफी गुंजाइश है। हमने रक्षा क्षेत्र में संबंधों को और मजबूत करने पर भी बात की।÷

इससे पहले श्री मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात कीकड़ी होता है, कार्यकर्ता ही नेता बनाता है, हम सबको मिल-जुलकर रहना है काम करना है हमारी यहीं ताकत और जनता का आशीर्वाद झूठ पर टिकी भाजपा सरकार को बाहर का रास्ता दिखाकर रहेगी।

### नेपाल में भूस्खलन से चार लोगों की मौत, इस वर्ष 10.8 लाख से अधिक लोग हो सकते हैं प्रभावित

एजेंसी

**काठमांडू।** पूर्वोत्तर नेपाल के तापलेजंग जिले में गुरुवार रात भूस्खलन से एक ही परिवार के चार



सदस्यों की मौत हो गयी। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक फाक्टांगलुंग ग्रामीण नगर पालिका में एक दंपति और उनकी जुड़वां बेटियों की घर के मलबे में दब जाने से मौत हो गई। ग्रामीण नगर पालिका के अध्यक्ष राजन लिम्बु ने बताया कि सभी चारों की मौके पर ही मौत हो गई। उनके शव सुबह बरामद किए गए। रिपोर्ट के मुताबिक परिवार द्वारा पाली गई लगभग 50 बकरियां और 10 से अधिक मुर्गियां भी इस आपदा की शिकार हो गयीं। नेपाल में वर्षाजनित आपदाएं आम हैं और नेपाली अधिकारियों का अनुमान है कि इस वर्ष 10.8 लाख से अधिक लोग प्रभावित हो सकते हैं।

संरक्षक: संजय शुक्ला, ( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

सलाहकार संपादक:

उपसंपादक: राकेश द्विवेदी

सह सपांदक: मोहम्मद दानिश फारुकी ,

सहायक संपादक: रिजवान सैफ खान,

सह संपादक: राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है

## जी-7 नेताओं ने शिखर सम्मेलन में मानव तस्करी रोकने पर दिया जोर

**बारी।** जी-7 देशों के नेताओं ने शुक्रवार को शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन की शुरूआत में प्रवासन पर ध्यान केंद्रित किया और मानव तस्करी से निपटने तथा उन देशों में निवेश बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की, जहां से प्रवासी अक्सर जान खतरे में डालकर यात्रा शुरू करते हैं। इटली के दक्षिणी क्षेत्र पुगलिया में एक लक्जरी रिसॉर्ट में आयोजित इस सम्मेलन में अन्य प्रमुख विषयों पर भी चर्चा हो रही है, जिनमें यूक्रेन को वित्तीय सहायता, गाजा युद्ध, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जलवायु परिवर्तन, चीन की औद्योगिक नीति और आर्थिक सुरक्षा शामिल है। हालांकि शिखर सम्मेलन के अंतिम घोषणापत्र को लेकर भी कुछ मतभेद उभरे, जिसमें गर्भपात के संदर्भ को शामिल करने पर असहमति की खबर भी आई। शिखर सम्मेलन के मेजबान इटली के लिए प्रवासन विशेष रूप से चिंता का विषय है, जो अफ्रीका, मध्य पूर्व और एशिया में युद्ध और गरीबी से जूझ रहे लोगों के लिए यूरोपीय संघ में प्रवेश के प्रमुख मार्गों में से एक है।

इस मुद्दे पर अपने सख्त रुख के लिए जानी जाने वालीं दक्षिणपंथी इतालवी प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, यूरोप पर प्रवासियों के बोझ को कम करने के तरीके के रूप में अफ्रीकी देशों में निवेश और वित्त पोषण बढ़ाने को लेकर उत्सुक रही हैं। मेलोनी ने गुरुवार को शिखर सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर कहा था, ह्यइटली एक अन्य महाद्वीप को पर्याप्त स्थान देना चाहता है जोकि हम सभी के भविष्य का आधार है, वह है अफ्रीका, अपनी कठिनाइयों और अवसरों के साथ ह्ययूएनएचसीआर के आंकड़ों के अनुसार, 2024 में अब तक 22,000 से ज्यादा लोग समुद्र के रास्ते इटली पहुंच चुके हैं। 2023 में, 157,000 से ज्यादा लोग आए थे और लगभग 2,000 लोग भूमध्य सागर को खतरनाक तरीके से पार करने की कोशिश करते हुए मारे गए या लापता हो गए। अमेरिका भी अपनी दक्षिणी सीमा पर प्रवासियों की बढ़ती संख्या से जूझ रहा है। राष्ट्रपति जो बाइडन ने कांग्रेस में एक विधेयक पारित कराने की कोशिश की थी, लेकिन इसमें सफल नहीं हो सके जिसके बाद उन्होंने प्रवासन पर अंकुश लगाने के लिए नई नीतियां पेश कीं।

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169 । इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक